page 1_Layout 1 28-09-2026 20:33 Page 1

अनमोल वचन


'मुझे पाने के लिए किसी तीर्थ की नहीं, सच्चे मन की आवश्यकता होती है।'

डेली

आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » मंगलवार, 29 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :157 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



यशवी कंबोज ने चंडीगढ़ में किया पहला स्थान हासिल

चंडीगढ़। **यहां** सेक्टर 40 के शारदा सर्वहितकारी स्कूल की क्लास 9 की स्टूडेंट यशवी कंबोज ने वेस्ट मटीरियल से आर्ट बनाने के कॉम्पिटिशन में चंडीगढ़ में पहला स्थान जीता है। इन कॉम्पिटिशन में चंडीगढ़ के 15 स्कूलों ने हिस्सा लिया था। सेक्टर 42 के डॉ. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट द्वारा आयोजित ये कॉम्पिटिशन वर्ल्ड टूरिज्म डे और स्वच्छता पखवाड़ा को डेडिकेट किए गए थे। स्टूडेंट्स ने वेस्ट मटीरियल से आर्ट बनाने, रंगोली और पोस्टर बनाने के कॉम्पिटिशन में अपनी कला दिखाई। इंस्टीट्यूट की तरफ से यशवी कंबोज को विनिंग ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

जम्मू-कश्मीर में दर्दनाक हादसा

गहरी खाई में गिरी सूमो, 5 लोगों की मौत

- जान गंवाने वाले 5 लोगों और घायलों की पहचान फिलहाल नहीं
- पुलिस अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहा
- राहत एवं बचाव कार्य, खाई में से घायलों को बाहर निकाला गया
- वहीं हादसा किस वजह से हुआ, जानकारी अभी सामने नहीं आई

डेली आवाज भारती



कुपवाड़ा। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के करनाह में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। टीटवाल-सिमरी मार्ग पर यात्रियों से भरी सूमो गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य घायल बताए जा रहे हैं। हादसे में जान गंवाने वाले 5 लोगों और घायलों की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। पुलिस और संबंधित अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं। हादसा सिमरी इलाके में हुआ। बताया जा रहा है कि यात्रियों से भरी सूमो सड़क पर चलते समय अचानक अनियंत्रित हो गई और देखते ही देखते सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरी। वाहन के खाई में गिरते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। लोगों ने खाई में उतरकर घायलों को बाहर निकाला।

6 घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

हादसे में घायल सभी 6 लोगों को तुरंत इलाज के लिए उप-जिला अस्पताल तंगधार ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने घायलों को इलाज दिया। उनकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सभी को जीएमसी हंदवाड़ा रेफर कर दिया। प्रशासन और पुलिस की ओर से मृतक और घायलों की पहचान की प्रक्रिया की जा रही है। हादसा आखिर किस वजह से हुआ, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

ईरानी महिलाएं हिम्मती, कई क्षेत्रों में तो पुरुषों को भी छोड़ा पीछे : सुप्रीम लीडर खामेनेई

डेली आवाज भारती

तेहरान। ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने देश की जनता के नाम जारी संदेश में नारी शक्ति की हिम्मत को सराहा है। उन्होंने कहा है कि ईरान के मर्दों की बहादुरी को पूरी दुनिया जानती थी लेकिन अब यहां कि महिलाओं की हिम्मत भी अपनी मौजूदगी का एहसास करा रही है। ईरान की जनता के जज्बे और हिम्मत की दाद देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले सात महीनों से, हमारे देशवासी पूरे देश में चौराहों और सड़कों पर अपनी जिम्मेदार मौजूदगी से इस्लाम के लिए लड़ने वालों का हौसला बढ़ा रहे हैं और दुश्मनों के दिलों में डर पैदा कर रहे हैं। इस संदेश में खामेनेई आगे कहते हैं, 3 करोड़ से अधिक ईरानियों ने अपनी



जान कुर्बान करने की इच्छा जाहिर की है। और जब एक खास संगठनात्मक कोशिश के तहत उनसे अपनी तैयारी की पुष्टि करने के लिए कहा गया, तो सिर्फ 100 मिनट के अंदर ही 5 लाख से ज्यादा लोगों ने तय संख्या को पूरा कर दिया। एक जमाना था जब इस जमीन के लोगों की बहादुरी की पहचान उनके मर्दों से होती थी। लेकिन आज, हम ऐसे दौर में जी रहे हैं जहां औरतें अपनी हिम्मत भरी मौजूदगी से कई क्षेत्रों में मर्दों से आगे निकल रही हैं। सर्वोच्च लीडर अपने संदेश में आगे कहते हैं, एक समय था जब दुश्मन लगातार इस व्यवस्था की सामाजिक नींव को कमजोर करने की कोशिश करता था। लेकिन आज, हर वर्ग के लोग, अपने साफ मतभेदों के बावजूद, अपने सही रुख की रक्षा के लिए मजबूती से खड़े हैं, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट जैसे अहम इलाके की सुरक्षा का संकल्प भी शामिल है। इसके साथ ही खामेनेई ने दावा किया कि ईरानी बलों ने दक्षिणी ईरान के समुद्री क्षेत्र से 'दुश्मन ताकतों' को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया है और जल्द ही उन्हें अरब सागर से भी खदेड़ देगा।

एलपीयू में हालात का जायजा लेने पहुंचे डीजीपी गौरव यादव

कहा-दोषी चाहे कोई हो, किसी को नहीं बख्शेंगे

- हिंसा और कानून-व्यवस्था खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU) में छात्रा से दुष्कर्म के आरोपों को लेकर हुए प्रदर्शन और हिंसा के बाद मामला गरमा गया है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव खुद LPU पहुंचे और हालात का जायजा लिया। ष्ठतक्कने पुलिस अधिकारियों को हिंसा और कानून-व्यवस्था खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोषी चाहे कोई भी हो, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। छात्रों और यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट के बीच फिर बैठक होगी। शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों की बात सुनी जाएगी और उनकी समस्याओं का समाधान निकालने



की कोशिश की जाएगी। डीजीपी के मुताबिक, देर रात कुछ लोगों ने माहौल खराब किया और पुलिस व मीडिया की गाड़ियों पर पथराव किया। पुलिस ने मामले में स्वढ्ढक्रदर्ज कर ली है और दोषियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। ष्ठतक्कने छात्रों, मीडिया और आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर चल रही असत्यापित अफवाहों और भ्रामक संदेशों पर भरोसा न करें तथा केवल आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी लें। वहीं, इसी बीच पंजाब महिला आयोग ने भी रक्क मामले का संज्ञान लिया है। आयोग ने कपूरथला के ष्ठ्ठ और स्क्कसे स्वढ्ढक्रकी कॉपी, स्वढ्ढज्ञ की जानकारी और अब तक हुई जांच की रिपोर्ट तलब की है। इसके अलावा, आयोग ने यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल में छात्राओं की सुरक्षा के लिए किए गए इंतजामों की भी जानकारी मांगी है। पुलिस का कहना है कि स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है।

10 दिनों के लिए रेगुलर क्लासेज सस्पेंड कर दी

उधर, हिंसक प्रदर्शन के बाद LPU ने 28 सितंबर से 10 दिनों के लिए रेगुलर क्लासेज सस्पेंड कर दी हैं। बड़ी संख्या में छात्र अपने घरों के लिए रवाना हो गए हैं। LPU और आसपास के इलाकों में इंटरनेट सेवा भी बंद की गई है। वहीं, छात्रों के प्रदर्शन के कारण 15 घंटे से ज्यादा समय तक बाधित रहा NH-44 पर यातायात अब बहाल कर दिया गया है।

भगवंत मान सरकार ने बिल में खामियां आने पर बिजली का कनेक्शन काटने पर लगाई रोक

बिलिंग में खामियों की वजह से डिफॉल्ट करने वाले उपभोक्ताओं पर नहीं होगी कोई कार्रवाई

- बिलिंग सिस्टम ठीक होने और गलत बिल ठीक होने तक राहत रहेगी जारी
- पीएसपीसीएल ने राहत आदेशों की सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए फील्ड ऑफिसर को दिए निर्देश

डेली आवाज भारती

पटियाला/सुकून महाजनः बिजली बिलिंग से संबंधित समस्याएं के कारण गलत या ज़्यादा बिल आने वाले बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए, पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड



(पीएसपीसीएल) ने अपने फील्ड ऑफिस को बकाया होने की वजह से घरेलू सप्लाई (डीएस) उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए है। यह फैसला उन उपभोक्ताओं की शिकायतों को देखते हुए लिया गया है, जिन्हें गलत या ज़्यादा बिजली बिल मिले हैं और ये रकम बिलिंग सिस्टम में बकाया के तौर पर दर्ज हो गई है। पीएसपीसीएल ने निर्देश दिया है कि जब तक बिलिंग सिस्टम ठीक नहीं हो जाता और गलत बिल ठीक नहीं हो जाते, तब तक ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ कनेक्शन काटने का कोई एक्शन न लिया जाए। पीएसपीसीएल, पटियाला के डायरेक्टर/डिवीजन के ऑर्डर के मुताबिक, मीटर रीडर्स की हाल की हड़ताल और एसएपी/नान-एसएपी सिस्टम को ओरेक्ल बेस्ड स्मार्ट बिलिंग सिस्टम (एसबीएस) में बदलने के चल रहे प्रोसेस की वजह से, कई घरेलू उपभोक्ताओं को एवरेज या एस्टीमेट के आधार पर बिल भेजे गए हैं।

इस वजह से, कई उपभोक्ताओं को ऐसे बिल मिले हैं जो उनकी असल बिजली की खपत से मैच नहीं कर रहे हैं, जिसकी वजह से फील्ड ऑफिस में शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। ऐसे मामलों में, गलत बिल की रकम सिस्टम में बकाया दिख रही है, जिससे प्रभावित कनेक्शन काटे जाने के दायरे में आ रहे हैं। उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी को समझते हुए, पीएसपीसीएल ने अब आदेश दिया है कि एसबीएस सिस्टम के ठीक होने और गलत या ज़्यादा बिल ठीक होने तक घरेलू उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाए जाए। फील्ड ऑफिस को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वे इन निर्देशों का सख्ती से पालन करें और इस आदेशों के दायरे में आने वाले मामलों में कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू न करें।

आदेश में यह साफ़ किया गया है कि उपभोक्ताओं का कनेक्शन सिर्फ़ इसलिए नहीं काटा जाना चाहिए क्योंकि असल बिजली की खपत के बजाय गलत बिलिंग की वजह से बकाया रकम बन गई हैं। पीएसपीसीएल का यह निर्देश कॉर्पोरेशन के सभी चीफ इंजीनियर्स/डिस्ट्रीब्यूशन और सप्लाई ज़ोन को जारी किया गया है, और इसकी एक कॉपी एसई/ओएसडी की तरफ़ से सीएमडी, पीएसपीसीएल, पटियाला को भेजी गई है।

हिमाचल में तबाही का हिसाब लेने पहुंची केंद्र की टीम, 366 मौतें और 3412 करोड़ का नुकसान

● 12 जिलों में हजारों करोड़ की तबाही ● जल शक्ति विभाग की योजनाओं को भी बड़ा नुकसान

डेली आवाज भारती

शिमला। हिमाचल प्रदेश में इस मानसून प्राकृतिक आपदाओं से हुई भारी तबाही के बाद अब केंद्र सरकार की नजर नुकसान के जमीनी आकलन पर है। प्रदेश में 366 लोगों की मौत और करीब` 3412.80 करोड़ के नुकसान के बाद अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम सोमवार से हिमाचल के चार दिवसीय दौरे पर पहुंची है। टीम आपदा प्रभावित क्षेत्रों का मौके पर निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लेगी। इसके आधार पर केंद्र से मिलने वाली राहत और आर्थिक सहायता को लेकर आगे की



प्रक्रिया तय होगी।केंद्रीय टीम 28 सितंबर से 1 अक्तूबर तक प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा करेगी। टीम का नेतृत्व गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव एम. रामचंद्रुडू कर रहे हैं। इसमें जल शक्ति, ग्रामीण विकास, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के अलावा इसरो के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर के विशेषज्ञ भी शामिल हैं। प्रदेश सरकार के आकलन के अनुसार मानसून के दौरान बादल फटने, अचानक आई बाढ़, भूस्खलन और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रदेश के 12 जिलों में 3412.80 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा नुकसान सड़क और पुलों को हुआ है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक सड़क एवं पुल क्षेत्र में करीब 2531.84 करोड़ रुपये का नुकसान आंका गया है। आपदा की वजह से प्रदेश में लगभग 6215 किलोमीटर सड़कें प्रभावित हुई हैं। कई स्थानों पर सड़कें पूरी तरह बह गईं, जबकि अनेक मार्गों पर भूस्खलन और डंगे गिरने से यातायात बाधित हुआ। आपदा से जल शक्ति विभाग की पेयजल और अन्य योजनाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। प्रदेश में करीब 4784 पेयजल योजनाओं को नुकसान पहुंचा है। विभाग को लगभग 385 करोड़ रुपये के नुकसान का आकलन किया गया है। कई ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में पाइपलाइनें बहने और जल स्रोतों के प्रभावित होने से लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। केंद्रीय टीम इन क्षेत्रों में हुए नुकसान का भी मौके पर जायजा लेगी। इस मानसून प्राकृतिक आपदाओं ने प्रदेश में बड़ी मानवीय त्रासदी पैदा की है। अब तक 366 लोगों की मौत की सूचना है, जबकि 614 लोग घायल हुए हैं। चार लोग अभी भी लापता बताए गए हैं।

एलपीयू में हिंसक प्रदर्शन के बाद सीएम भगवंत मान सख्त, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः पंजाब के फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU) में शनिवार देर रात सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक संदेश के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। संदेश में एक छात्रा के साथ कथित रेप और आत्महत्या का दावा किया गया था, जिसके बाद बड़ी संख्या में छात्र प्रदर्शन के लिए एकत्र हो गए। हालांकि, पुलिस का कहना है कि अब तक न तो कोई कथित पीड़िता सामने आई है और न ही रेप या आत्महत्या से जुड़े कोई ठोस सबूत मिले हैं। इसके बावजूद रविवार रात



प्रदर्शन के दौरान पुलिस और छात्रों के बीच टकराव हुआ। पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया, जबकि पुलिस के मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया और पुलिस की गाड़ियों में आग लगा दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने डीजीपी गौरव यादव को मौके पर जाकर स्थिति की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, रक्क प्रशासन ने रेप और सुसाइड के आरोपों को बेबुनियाद बताया है और छात्रों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

डिजिटल टोलिंग को नई गति, 'फास्टैग एनुअल पास' ने छुआ 1 करोड़ का आंकड़ा

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली,। केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि 'फास्टैग एनुअल पास' ने लॉन्च के बाद एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए एक करोड़ उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार कर लिया है। यह योजना पिछले वर्ष 15 अगस्त को शुरू की गई थी और राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाले वाहन चालकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हुई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, यह वार्षिक पास देशभर के लगभग 1,150 टोल प्लाजा पर लागू है, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे शामिल हैं। इस सुविधा के तहत वाहन मालिकों को बार-बार



फास्टैग रिचार्ज कराने की जरूरत नहीं पड़ती। एक बार 3,075 रुपए का भुगतान करने पर पास एक वर्ष या 200 टोल क्रॉसिंग तक वैध रहता है। मंत्रालय ने बताया कि यह सुविधा सभी गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए उपलब्ध है, जिनमें वैध फास्टैग लगा हुआ है। एकमुश्त शुल्क का भुगतान राजमार्ग यात्रा ऐप के माध्यम से करने के बाद वार्षिक पास वाहन से जुड़े मौजूदा फास्टैग पर ही सक्रिय हो जाता है। सरकार का कहना है कि फास्टैग एनुअल पास को मिल रही बढ़ती स्वीकृति यह दर्शाती है कि यह योजना राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और किफायती यात्रा को बढ़ावा देने में प्रभावी साबित हो रही है। इससे टोल भुगतान प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक बनी है और यात्रियों का समय भी बच रहा है।

इस बीच, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पिछले महीने 'वनटैग' सुविधा भी शुरू की थी, जो फास्टैग पोर्टेबिलिटी सेवा है। इसके जरिए उपयोगकर्ता अपने वाहन पर लगे मौजूदा फास्टैग को बदले बिना उसका जारीकर्ता बैंक बदल सकते हैं। इससे नए फिजिकल टैग लेने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

महत्वपूर्ण घोषणाः अकाली कार्यकाल में नौकरियों में किसी बाहरी व्यक्ति को नही, बल्कि पंजाबियों को अवसर प्रदान किए जाएंगेंः सरदार सुखबीर सिंह बादल

आम आदमी पार्टी की गड़बड़ी के कारण ही एल.पी.यू में हिंसा हुई : स. सुखबीर सिंह बादल

डेली आवाज भारती

अमृतसर। शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज कहा है कि आम आदमी पार्टी के कारण ही जालंधर की एलपीयू में आगजनी और हिंसा हुई और यह आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल से दिल्ली में अपना आधिकारिक बंगला वापिस लेने के लिए एलपीयू के चांसलर और राज्यसभा सदस्य अशोक कुमार मित्तल को दंडित करने के लिए बदलाखोरी के तहत यह कार्रवाई की गई। पार्टी के पंजाब बचाओ अभियान के तहत यहां एक विशाल राजनीतिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए अकाली दल अध्यक्ष ने कहा,'' अगर इस पूरी घटना की स्वतंत्र जांच होती है तो यह पता चलेगा कि यह आम आदमी पार्टी की सरकार है जिसने पूरी गड़बड़ी पैदा की है। आम आदमी पार्टी ने मित्तल को पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने का सबक सिखाने के लिए यह पूरी गड़बड़ी की है। इस प्रक्रिया में सरकार ने पंजाब में कानून व्यवस्था के चरमराने की स्थिति को पूरी दुनिया के सामने उजागर करने के साथ-साथ एक संस्था की प्रतिष्ठा को भी धूमिल किया है ।'' सरदार बादल ने एलपीयू के प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की। उन्होने कहा,'' ऐसा लग रहा जैसे पुलिस को 'गुंडा फोर्स' की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे यह धारणा बनी कि राज्य में 'गुंडों' का राज



है''। उन्होने पुलिस बल से उनकी अंतरआत्मा के विरूद्ध कुछ न करने की अपील की ।

सरदार बादल ने कहा कि यह स्थिति बाहरी लोगों द्वारा पंजाब और उसके संसाधनों पर पूरी तरह से कब्जा करने के कारण पैदा हुई है। उन्होने कहा,'' हमने हाल ही में देखा हे कि कैसे बाहरी लोगों ने राज्य के मंत्रियों के बंगलों पर कब्जा कर लिया है। उन्होने कहा कि राज्य में सरकार बनने के बाद अकाली दल इन सभी अवैध कृत्यों की जांच करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा,'' हम न केवल इन गैरकानूनी कब्जाधारियों से सभी बकाया वसूल करेंगें बल्कि उन्हें अनुकरणीय सजा भी देंगें।'' एक विशाल रैली को आयोजित करने के लिए संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता वीर सिंह लोपोके को बधाई दी। अकाली दल अध्यक्ष ने वारिस पंजाब दे (डब्ल्यूपीडी) पर सीधा हमला करते हुए उन्हें 'कौम दे गददार' करार दिया। उन्होने कहा कि पार्टी शहीद जसवंत सिंह खालड़ा की तस्वीरों का दुरूपयोग कर रही है। उन्होने कहा,'' डब्ल्यूपीडी प्रमुख अमृतपाल के पिता तरसेम सिंह ने बीबी परमजीत कौर खालड़ा के खिलाफ कांग्रेसी उम्मीदवार जसबीर सिंह डिंपा के लिए प्रचार किया था। यह परिवार पिछले 36 सालों से कांग्रेस पार्टी का समर्थन कर रहा है और अब यह आम आदमी पार्टी के साथ मजबूती से जुड़ा हुआ है।'' उन्होने कहा कि यही वजह है कि जब मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संत जरनैल सिंह भिंडरावाला की प्रतिमा पर पेशाब किया था, तब भी वारिस पंजाब दे ने उनके खिलाफ एक शब्द भी नही कहा था। तरसेम सिंह तब भी चुप्पी साधे रहे जब मुख्यमंत्री की पत्नी गुरप्रीत कौर मान ने एक सीरियल रेपिस्ट को जेल से छुड़ाने के लिए उससे पांच करोड़ रूपये का सौदा किया था।

CMYK

page 2_Layout 1 28-09-2026 16:53 Page 1

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के तहत गांव सलेमपुर एवं घनौरी खुर्द से दो बसें श्री अमृतसर साहिब के लिए रवाना

चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं की बसों को किया रवाना

डेली आवाज भारती



धूरी। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत गांव सलेमपुर एवं घनौरी खुर्द से श्रद्धालुओं को श्री अमृतसर साहिब स्थित पवित्र धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन करवाने के लिए जाने वाली दो बसों को पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का उद्देश्य प्रदेशवासियों को विभिन्न धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन के लिए सुविधाजनक अवसर उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत पंजाब के विभिन्न गांवों एवं शहरों से श्रद्धालुओं को प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए बस सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि श्री अमृतसर साहिब सिख धर्म एवं पंजाब की समृद्ध धार्मिक विरासत का प्रमुख केंद्र है। श्री हरमंदिर साहिब, श्री दुर्गियाना मंदिर सहित अन्य ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को अपने धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए सुविधाजनक एवं सुचारू यात्रा की सुविधा प्राप्त हो रही है।

चेयरमैन श्री ढिल्लों ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा लोगों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए तीर्थ यात्रा को सुखद, सुविधाजनक एवं सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के लोगों को राज्य एवं देश के प्रमुख धार्मिक तथा ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इस अवसर पर चेयरमैन श्री ढिल्लों ने श्रद्धालुओं से बातचीत कर उन्हें यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत उपलब्ध करवाई जा रही इस सुविधा के लिए पंजाब सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

फरीदाबाद में दो स्वास्थ्य केंद्र होंगे अपग्रेड, झज्जर और सिरसा में नए स्वास्थ्य संस्थान खुलेंगे : आरती सिंह राव

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने दो मौजूदा सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को अपग्रेड करने और दो नए स्वास्थ्य संस्थान स्थापित करने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने इस निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आमजन को उनके घर के नजदीक ही बेहतर और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को अपनी मंजूरी दी है। इस फैसले के तहत फरीदाबाद जिले के ग्रामीण व शहरी सीमावर्ती क्षेत्रों को बड़ी राहत मिलेगी। फरीदाबाद के गांव मंझावली स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र को अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में अपग्रेड किया जाएगा। वहीं, गाँव पल्ला सेहतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढ़ाकर उसे 50 बेड की क्षमता वाले आधुनिक अर्बन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को आपातकालीन और विशिष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए दूर-दराज के बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

स. भगत सिंह आज हमारे बीच नहीं है, पर उनकी यादें हर हिंदुस्तानी के दिल में आज भी

हमें उनके सपनों का भारत बनाना है : अनिल विज

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी की जयंती के अवसर पर अम्बाला छावनी के लघु सचिवालय में स्थापित शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर शत-शत नमन किया। भारी वर्षा के बीच उन्होंने ÷इंकलाब जिंदाबाद, शहीद-ए-आजम भगत सिंह अमर रहे÷ के नारे लगाकर उपस्थित लोगों में देशभक्ति का संचार भी किया। इससे पहले, उनका यहां पहुंचने पर एसडीएम अम्बाला छावनी कनिका गोयल ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आज शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी को पुष्पांजलि अर्पित करने, उन्हें शत-शत नमन करने के लिए उपस्थित हुए हैं। शहीद-ए-आजम भगत सिंह ने मात्र 23 वर्ष, 5 माह और 23 दिन की उम्र जोकि अरमानों की उम्र, सपने बुनने की उम्र होती है, उस उम्र में शहीद भगत सिंह ने हंसते-हंसत और रंग दे बंसती चोला गाते-गाते देश के लिए फांसी के फंदे को चूम लिया। विज ने कहा कि भगत सिंह आज सशरीर हमारे बीच नहीं है, पर उनकी याद हर हिंदुस्तानी के दिल में है और हमें उनके सपनों का भारत बनाना है। हमें आज भी जो ले ई उन्होंने शुरू की वो जारी रखनी है, यह ले ई समाज में फैली गंदगी के खिलाफ, भ्रष्टाचार के खिलाफ इस देश को जैसा हमारे शहीद चाहते थे उतनी ही ऊंचाई पर ले जाना है।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, संजीव सोनी, जसबीर सिंह जस्सी, प्रवेश शर्मा, अजय बवेजा, बलकेश वत्स, शशि लोंगिया, बलिंद्रपाल सिंह के अलावा भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नाईपर, एस.ए.एस. नगर में हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित

डेली आवाज भारती



मोहाली। नाईपर, एस.ए.एस. नगर में दिनांक 14.09.2026 से 28.09.2026 तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस अवधि के दौरान हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं राजभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़ा के समापन अवसर पर आज दिनांक 28.09.2026 को नाईपर, एस.ए.एस. नगर में समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रो. दुलाल पांडा, निदेशक, नाईपर; प्रो. के.बी. टिक्कू, डीन तथा विंग कमांडर (से.नि.) पी.जे.पी. सिंह वडैच, कुलसचिव, सहित संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन से हुआ। कार्यकारी राजभाषा अधिकारी श्री मनोज तिवारी ने वर्ष 2025-26 के दौरान राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन एवं प्रगति से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके उपरांत हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह के दौरान कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग एवं संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री विनोद कुमार, वैज्ञानिक; श्री आशु कुमार, आशुलिपिक; श्री जी. मुरुगेसन, तकनीकी सहायक; तथा आउटसोर्स कर्मचारी श्री भूपिंदर सिंह को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, प्रो. संयोग जैन, डॉ. भुवन भूषण मिश्रा एवं डॉ. आशुतोष कुमार को हिंदी में वैज्ञानिक व्याख्यान देने के लिए सम्मानित किया गया। प्रो. पांडा ने अपने संबोधन में उल्लेख किया कि हिंदी भाषा हमारे दैनिक जीवन में आनंद का संचार करती है। उन्होंने दैनिक कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। साथ ही, उन्होंने वैज्ञानिक साहित्य का हिंदी में अनुवाद करने के महत्व पर भी जोर दिया। प्रो. के.बी. टिक्कू ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए नए प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की।

मंडियों में धान की आवक शुरू, किसानों को नहीं मिल रहीं पर्याप्त सुविधाएं : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती



सिरसा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्लूसी) की सदस्य एवं उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा ने हरियाणा की मंडियों में धान की आवक शुरू होने के बीच किसानों के लिए पर्याप्त खरीद, भंडारण, उठान और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अनावश्यक इंतजार और परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए सरकार और संबंधित विभागों को समय रहते पुख्ता प्रबंध करने चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि धान की फसल मंडियों में पहुंचने लगी है, ऐसे में किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए स्पष्ट व्यवस्था, समय पर खरीद, सुचारु तुलाई, पर्याप्त बारदाना, भंडारण और फसल के समयबद्ध उठान की सुविधा मिलनी चाहिए। मंडियों में किसानों के लिए पेयजल, बैठने और अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी समुचित प्रबंध किया जाना आवश्यक है। खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी या अव्यवस्था का सीधा असर किसान की आर्थिक स्थिति और अगली फसल की तैयारी पर पड़ता है। सांसद ने कहा कि हर वर्ष धान, गेहूं और कपास जैसी प्रमुख फसलों की खरीद के दौरान किसानों को अलग-अलग समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कभी खरीद में देरी, कभी तुलाई और उठान में परेशानी तो कभी भुगतान को लेकर किसानों को इंतजार करना पड़ता है। सरकार को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए कि किसान को अपनी मेहनत की कमाई बेचने के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों और मंडियों के चक्कर न लगाने पड़ें। कुमारी सैलजा ने डीएपी खाद की उपलब्धता को लेकर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना कृषि व्यवस्था की बुनियादी जिम्मेदारी है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में डीएपी खाद लेने के लिए किसानों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। कई स्थानों पर किसानों को आधी रात से ही खाद की दुकानों के बाहर पहुंचना पड़ता है। खाद की कमी और वितरण संबंधी अव्यवस्था के कारण किसानों का बहुमूल्य समय और श्रम व्यर्थ हो रहा है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार को खाद की मांग का आकलन कर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध करवाना चाहिए और वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाना चाहिए, ताकि प्रत्येक पात्र किसान को उसकी आवश्यकता के अनुसार समय पर खाद मिल सके। जमाखोरी और कालाबाजारी पर प्रभावी निगरानी के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसानों को खाद के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े।

कुमारी सैलजा ने कहा कि किसान देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव हैं। खेती में बढ़ती लागत, मौसम की अनिश्चितता और फसलों की बिक्री से जुड़ी समस्याओं के बीच किसानों को राहत देने के लिए सरकार को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए।

किसानों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए

सांसद ने मांग की कि प्रदेश की सभी अनाज मंडियों और खरीद केंद्रों में धान की खरीद के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाए, खरीद एजेंसियों और मंडी प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए तथा किसानों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए। किसानों को उनकी उपज का निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य समय पर मिले और खाद की उपलब्धता सुनिश्चित हो, ताकि अन्नदाता सम्मान और राहत के साथ अपनी खेती का कार्य कर सकें।

शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 119वीं जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि



डेली आवाज भारती

भदौ, (साहिब संधू) : शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 119वीं जयंती पर शैहणा के मुख्य बाजार में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुखविंदर सिंह धालीवाल (हल्का भदौ), न्यू शहीद भगत क्लब शैहणा के अध्यक्ष बलजीत सिंह आजाद और कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष गुरतेज सिंह संधू ने कहा कि पंजाब सरकार को देश को आजादी दिलाने के लिए प्राणों की आहुति देने वाले योद्धाओं की जयंती पर उनके इतिहास और फिल्मों पर प्रकाश डालने का प्रयास करना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी शहीदों द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण कर सके। इस अवसर पर हरदेव सिंह गिल, गुरमीत दास बाबा, रोशन लाल शर्मा, कुलवंत खान, कमलजीत सिंह कम्मा, बलदेव सिंह बिट्टू, मिंटू जस्सल, गुरजीत सिंह गोरा, सहाबदीन, नीलम, कृष्ण कुमार, बॉबी आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

एस.ओ.ई. घनौरी कलां में 70वीं अंतर-जिला स्कूल खेलों का शुभारंभ

चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने एस.ओ.ई. घनौरी कलां में खेलों का किया शुभारंभ

डेली आवाज भारती



शेरपुर/धूरी। राज्य में स्कूली खेलों को और प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से 70वीं अंतर-जिला स्कूल खेलों (खो-खो अंडर-17 लड़कियां) का शुभारंभ आज स्कूल ऑफ एमिनेंस (एस.ओ.ई.) घनौरी कलां में हुआ। पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने इन खेलों का औपचारिक शुभारंभ किया।

ये खेल प्रतियोगिताएं 28 सितंबर से 1 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जा रही हैं, जिनमें विभिन्न जिलों की अंडर-17 वर्ग की लड़कियों की टीमें भाग ले रही हैं। खिलाड़ी खो-खो प्रतियोगिताओं में पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। इस अवसर पर चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि लड़कियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए उचित अवसर और मंच प्रदान करना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि पंजाब के युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा राज्य में खेल संस्कृति को और मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने और अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर खेल एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्कूल स्टाफ, कोच, टीम प्रभारी, खिलाड़ी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

हरियाणा: फरीदाबाद में बोरवेल के अंदर गिरी बच्ची का रेस्क्यू, हालत गंभीर होने पर अस्पताल में भर्ती

डेली आवाज भारती

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद में बचाव दल ने कई घंटों की मशक्कत के बाद बोरवेल में गिरी बच्ची को सोमवार तड़के बचा लिया। हालांकि, बच्ची के शरीर में कोई हलचल नहीं होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला फरीदाबाद के सेक्टर-8 इलाके के सीही गांव का है। रविवार देर शाम बच्ची बोरवेल में गिरी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई है और फिर राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) व राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमों को बुलाया गया। देर रात तक एनडीआरएफ, एसडीआरएफ राज्य अग्निशमन सेवा, यूपी नागरिक सुरक्षा (गाजियाबाद), चिकित्सा विभाग और नगर निगम के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाया गया। बड़ी मशक्कत के बाद बचाव दल ने बच्ची को बोरवेल से बाहर निकाला। हालांकि, उसकी स्थिति ठीक न होने के कारण उसे अस्पताल ले जाया गया। एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट कुणाल तिवारी ने मीडिया को बताया कि यह घटना शाम करीब 6 बजे हुई। हमारे कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी शाम 7.45 बजे मिली। हमारी टीम गाजियाबाद से रात 9.05 बजे मौके पर पहुंची। उन्होंने कहा कि यह पूरा ऑपरेशन एक मिली-जुली कोशिश थी। इसमें हमने हरियाणा पुलिस, हरियाणा एसडीआरएफ, यूपी नागरिक सुरक्षा (गाजियाबाद), हरियाणा के मेडिकल डिपार्टमेंट और म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के साथ मिलकर काम किया। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 3.50 बजे हम उस छोटी बच्ची को बाहर निकालने में कामयाब रहे। हमें बताया गया था कि इस बोरवेल की गहराई 250 से 300 फीट है।

स्वच्छता ही सेवा 6.0: पीआईबी, सीबीसी चंडीगढ़ ने जन भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता अभियानों की श्रृंखला आयोजित की

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), चंडीगढ़ और केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), चंडीगढ़, 'स्वच्छता ही सेवा 6.0' में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इसके तहत स्वच्छता और जागरूकता गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों के साथ-साथ व्यापक समुदाय के बीच स्वच्छता, नागरिक जिम्मेदारी और जन भागीदारी की भावना को सुदृढ़ करना है। 17 सितंबर, 2026 को शुरू हुआ यह अभियान 2 अक्टूबर, 2026 तक जारी रहेगा। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता को केवल एक अभियान-आधारित गतिविधि के रूप में नहीं, बल्कि दैनिक जीवन के एक अभिन्न अंग के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। विभिन्न पहलों के माध्यम से, अभियान इस संदेश को सुदृढ़ करना चाहता है कि एक स्वच्छ वातावरण एक साझी जिम्मेदारी है जिसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग से निरंतर भागीदारी की आवश्यकता है। इस अवसर पर बोलते हुए, पीआईबी चंडीगढ़ के निदेशक श्री प्रीतम सिंह ने जोर देकर कहा कि स्वच्छता विशेष अवसरों या निर्धारित स्वच्छता अभियानों तक सीमित रहने के बजाय एक निरंतर अभ्यास बननी चाहिए। उन्होंने कहा, स्वच्छता को कभी भी एक दिवसीय गतिविधि या ऐसे अभियान के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए जिसे हम केवल किसी विशेष अवसर पर करते हैं। इसे एक दैनिक आदत और, इससे भी महत्वपूर्ण, हमारे सामूहिक जीवन जीने के तरीके का एक हिस्सा बनना होगा। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने घर, कार्यस्थल, परिवेश और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने की जिम्मेदारी लेता है, तो इसका प्रभाव तात्कालिक वातावरण से कहीं आगे तक जाता है। यह हमारे परिवेश के प्रति अनुशासन, जिम्मेदारी और सम्मान की संस्कृति का निर्माण करता है। निरंतर प्रयासों और सभी की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से, हम अपने लिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक सुंदर वातावरण के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। इसी प्रकार, पीआईबी चंडीगढ़ की उप निदेशक सुश्री सपना ने स्वस्थ और स्वच्छ परिवेश के निर्माण में सामूहिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला और इस बात पर बल दिया कि एक साथ मिलकर किए जाने पर छोटे-छोटे व्यक्तिगत प्रयास भी सार्थक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने कहा, ÷मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमारे परिवेश को स्वच्छ रखना केवल देखने में स्वच्छ वातावरण बनाने के बारे में नहीं है, बल्कि सांस लेने, रहने और आगे बढ़ने के लिए एक स्वस्थ और बेहतर स्थान बनाने के बारे में भी है। स्वच्छ परिवेश सीधे तौर पर हमारी भलाई में योगदान देता है और हमारे समुदाय के प्रति हमारी जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार जोर दिया है, %जन भागीदारी% की भावना व्यक्तिगत प्रयासों को एक शक्तिशाली सामूहिक आंदोलन में बदल सकती है।

गांव भसौड़ में लगाया गया नेत्र जांच शिविर

ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने किया नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन

- **नेत्र जांच शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने करवाया आंखों का परीक्षण**

डेली आवाज भारती



धूरी। लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उनके घरों के निकट उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से गांव भसौड़ में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा लोगों की निःशुल्क जांच की गई तथा जरूरतमंद मरीजों को चश्मे और आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। इस अवसर पर ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने कहा कि आंखें हमारे शरीर का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग हैं और समय पर आंखों की जांच करवाने से कई समस्याओं की प्रारंभिक चरण में ही पहचान की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर लोगों को उनके घरों के निकट विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा लोगों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुचारू स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और किसी भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या को नजरअंदाज करने के बजाय समय पर विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लें। शिविर के दौरान शंकरा आई हॉस्पिटल, लुधियाना के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की गई। आवश्यकता के अनुसार मरीजों को चश्मे और आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई गईं। शिविर को गांववासियों का भरपूर सहयोग मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने शिविर के आयोजकों एवं सहयोगी संस्था के प्रतिनिधियों की सराहना करते हुए कहा कि लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहने चाहिए। इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन रछपाल सिंह भुल्लर, हरजिंदर सिंह कांझला, गगन जवंधा सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति, शिविर के आयोजक तथा बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित रहे।

CMYK

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ मंगलवार, 29 सितंबर 2026

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान विकास कार्यों के उद्घाटन के लिए 3 अक्टूबर को गांव घणिए-के-बांगर आएंगे

डिप्टी कमिश्नर आदित्य उप्पल और चेयरमैन जोबन रंधावा ने अधिकारियों के साथ की बैठक

डेली आवाज भारती



फतेहगढ़ चूड़ियां, बटाला, (अमनदीप संधू): आज घणिए-के-बांगर में डिप्टी कमिश्नर गुरदासपुर आदित्य उप्पल की अध्यक्षता में गांव के सर्वांगीण विकास कार्यों की समीक्षा तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के आगमन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

इस मौके पर एसएसपी बटाला डॉ. मेहताब सिंह, चेयरमैन जोबन रंधावा, हलका इंचार्ज फतेहगढ़ चूड़ियां, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (जनरल) गुरसिमरन सिंह ढिल्लों, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) गुरप्रीत सिंह गिल, एसपी (एच) मैडम खुशबीर कौर, एसडीएम सुखजिंदर सिंह टिवाणा तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी, पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक के दौरान डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों को गांव घणिए-के-बांगर में चल रहे विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांववासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी विकास कार्य जल्द से जल्द मुकम्मल करवाए जाएं।

बैठक के बाद बातचीत करते हुए हलका इंचार्ज फतेहगढ़ चूड़ियां एवं चेयरमैन इंप्रूवमेंट ट्रस्ट गुरदासपुर जोबन रंधावा ने बताया कि गांव घणिए-के-बांगर सहित हलके में विकास कार्यों की रफ्तार को और तेज करने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान 3 अक्टूबर को गांव घणिए-के-बांगर में आएंगे। इस दौरान उनके कर-कमलों से करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन किया जाएगा। हलका इंचार्ज जोबन रंधावा ने कहा कि जब से पार्टी ने उन्हें हलका फतेहगढ़ चूड़ियां की जिम्मेदारी सौंपी है, वह 24 घंटे लोगों की सेवा के लिए उपलब्ध हैं और हलके में सर्वांगीण विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हलके में विभिन्न विकास कार्यों के साथ-साथ फतेहगढ़ चूड़ियां शहर में भी करोड़ों रुपये की लागत से विकास कार्य करवाए जाएंगे, जिनकी शुरुआत मुख्यमंत्री पंजाब द्वारा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि वह हलके के लोगों की सेवा करने और लोगों को सरकार की लोकपक्षीय नीतियों का लाभ दिलाने के लिए स्वयं लोगों तक पहुंच बना रहे हैं। हलका निवासियों की ओर से भी उन्हें भरपूर प्यार और समर्थन दिया जा रहा है। उन्होंने दोहराया कि हलके के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

पुलिस ने रेता से भरी ट्रैक्टर-ट्राली सहित 1 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मल्लांवाला की पुलिस ने बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके रेता से भरी हुई ट्रैक्टर-ट्राली के साथ 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति के साथ दो लोगों के खिलाफ चोरी व माईनिंग की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मल्लांवाला के एएसआई दर्शन लाल ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान जौड़ीयां नरों पर सूचना मिली थी कि दोषी बोहड़ सिंह पुत्र सुरिन्द्र सिंह व जगजीत सिंह पुत्र बोहड़ सिंह वासी गांव कोहाला ने अपनी जमीन में अवैध माईनिंग के लिए खदान लगाई हुई है और वह वहां से ट्रैक्टर-ट्राली के जरिए रेता निकाल रहे है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके बोहड़ सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से रेता से भरी हुई ट्रैक्टर-ट्राली बरामद की है। मामले की जांच कर रहे दर्शन लाल ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

शहीद भगत सिंह की शहादत देशवासियों के दिलों में सदैव अमर रहेगी

- अमरीक सिंह हैप्पी ने साथियों सहित शहीद-ए-आजम को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया नमन

डेली आवाज भारती



चमकौर साहिब, (संदीप अकालगढ़िया): शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर हलका चमकौर साहिब में अमरीक सिंह हैप्पी ने अपने साथियों सहित शहीद भगत सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। इस अवसर पर अमरीक सिंह हैप्पी ने कहा कि भगत सिंह का जीवन केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए साहस, बलिदान और अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह ने छोटी उम्र में ही देश की आजादी के लिए जो संघर्ष और बलिदान दिया, वह देशवासियों के दिलों में हमेशा अमर रहेगा।

उन्होंने कहा कि शहीदों की याद को केवल कार्यक्रमों और श्रद्धांजलियों तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उनके जीवन से सच्चाई, निडरता, जिम्मेदारी और समाज के प्रति अपने कर्तव्य को निभाने की प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने इतिहास, विरासत और शहीदों की सोच से जोड़ना ही शहीद भगत सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर बिल्ला पूड़ियां, कुलजीत सिंह, जगजीत सिंह, रजिंदर सिंह लाडी, जस्मेर सिंह बाठ, पंकज कुमार, लखबीर सिंह भट्टी, हरमनदीप सिंह, जसप्रीत सिंह, डॉ. अवतार सिंह, अवनीत सिंह, नवी सहित अन्य साथी मौजूद रहे। सभी ने शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के जन्मदिवस पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया।

बरनाला की मंडियों में 1 अक्टूबर से शुरू होगी धान की सरकारी खरीदः डिप्टी कमिश्नर

- किसान मंडियों में सूखी फसल ही लाएंः हरप्रीत सिंह

डेली आवाज भारती



बरनाला/गोपाल। जिला बरनाला की मंडियों में 1 अक्टूबर से धान की सरकारी खरीद शुरू होने जा रही है। किसानों की फसल की निर्बाध खरीद सुनिश्चित करने और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रबंधों का जायजा लिया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर श्री हरप्रीत सिंह ने बताया कि इस बार जिले की मंडियों में करीब 8.95 लाख मीट्रिक टन धान की आवक होने की उम्मीद है। इसके लिए 104 मंडियों को खरीद केंद्र के रूप में निर्धारित किया गया है। मंडियों में पीने के पानी, छाया, सफाई, बारदाने तथा फसल की समय पर लिफ्टिंग के लिए पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि खरीद से लेकर लिफ्टिंग तक की पूरी प्रक्रिया पर प्रशासन की नजर रहेगी। संबंधित विभागों को आपसी तालमेल से काम करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों को मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। उन्होंने किसानों से अपील की कि फसल पूरी तरह पकने के बाद ही कटाई करवाएं और निर्धारित नमी के मापदंडों के अनुसार सूखा धान ही मंडी में लेकर आएं। सूखी फसल आने से खरीद प्रक्रिया में तेजी आएगी। इसके साथ ही डिप्टी कमिश्नर ने किसानों से पराली न जलाने की पुरजोर अपील करते हुए कहा कि फसल अवशेषों को समस्या के बजाय एक उपयोगी संसाधन के रूप में देखा जाए। किसान उपलब्ध मशीनरी का इस्तेमाल करके खेत के अंदर या बाहर पराली का उचित प्रबंधन करें। इससे जहां पर्यावरण को धुएं से मुक्त रखने में मदद मिलेगी, वहीं जमीन की उपजाऊ शक्ति भी बरकरार रहेगी। उन्होंने किसानों से सूखा धान मंडी में और पराली उचित प्रबंधन की ओर का संदेश अपनाकर खरीद सीजन को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

बरनाला में पंजाब सरकार द्वारा करवाए गए ड्रोन शो को संगत का भरपूर समर्थन

मान सरकार गुरु रविदास जी का 650वां प्रकाश पर्व बड़े स्तर पर मना रही है : चेयरमैन मन्ना

डेली आवाज भारती



बरनाला,नवीन काली। पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित बाबा काला मेहर खेल स्टेडियम बरनाला में करवाए गए अनोखे ड्रोन शो को संगत का भरपूर समर्थन मिला। इस दौरान स्टेडियम से उड़ाए गए 500 ड्रोन ने श्री गुरु रविदास जी के जीवन-दर्शन, बाणी और सर्व-सांझीवालता के संदेश को दर्शाती रोशन आकृतियों से रात के आसमान को रोशन कर दिया। इस शो के माध्यम से बड़ी संख्या में पहुंची संगत को आध्यात्मिकता और आधुनिक तकनीक के अनोखे मेल से रूबरू करवाया गया। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन नगर सुधार ट्रस्ट बरनाला श्री रामतीर्थ मन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी का 650वां प्रकाश पर्व बड़े स्तर पर मनाया जा रहा है और विभिन्न स्थानों पर विशाल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर के नेतृत्व में इससे पहले गांव-गांव वैन के माध्यम से गुरु जी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई और अब यह ड्रोन शो करवाया गया है, ताकि नई पीढ़ी गुरु जी के जीवन एवं दर्शन से परिचित हो सके। संगत के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे चेयरमैन मन्ना ने कहा कि पंजाब सरकार श्री गुरु रविदास महाराज जी के दर्शन को लागू करने के लिए प्रयासरत है। ड्रोन शो के दौरान आसमान में उभरती रोशन आकृतियों ने आधुनिक तकनीक और आध्यात्मिक विरासत का अनोखा संगम प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह प्रस्तुति विशेष रूप से नई पीढ़ी को गुरु साहिब के जीवन, बाणी और विचारधारा से जोड़ने का प्रभावशाली माध्यम बनी। इस मौके पर भाई सुरिंदर सिंह पारस के ढाडी जत्थे ने श्री गुरु रविदास जी के जीवन के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह आईएएस, एसएसपी मोहम्मद सरफराज आलम, एसडीएम डॉ. अजीतपाल सिंह चहल, सहायक कमिश्नर नगर निगम हरप्रीत सिंह, तहसीलदार कुलदीप सिंह सहित विभिन्न अधिकारी, नगर पार्षद, विभिन्न गांवों के सरपंच-पंच तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र की संगत उपस्थित रही।

श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री गांव-गांव दिखाई

- मुल्लांपुर गरीबदास, मिलख और शिंगारीवाला में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से हुआ प्रदर्शन

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़, (संदीप अकालगढ़िया): पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म गांव-गांव दिखाने की मुहिम के तहत खरड़ ब्लॉक के गांव मुल्लांपुर गरीबदास, मिलख और शिंगारीवाला में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से 30 मिनट की डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। डिप्टी कमिश्नर श्रीमती कोमल मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित यह विशेष प्रयास किया जा रहा है। इसका उद्देश्य गुरु साहिब के जीवन, विचारधारा, शिक्षाओं तथा मानवता को दिए समानता और भाईचारे के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज ने समाज से जात-पात, ऊंच-नीच और भेदभाव को दूर करने का संदेश दिया तथा सभी मनुष्यों को समान समझने की प्रेरणा दी। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज में आपसी प्रेम, सद्भावना, समानता और भाईचारे को मजबूत करने के लिए प्रेरित करती हैं। गांवों में एलईडी स्क्रीन पर दिखाई गई डॉक्यूमेंट्री के दौरान गांववासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन तथा उनकी शिक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर गांववासियों ने पंजाब सरकार द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवा पीढ़ी को महान संतों और गुरु साहिबानों की शिक्षाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पंजाब सरकार की हिदायतों के अनुसार इस डॉक्यूमेंट्री को जिले के विभिन्न गांवों में दिखाने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।

रेबीज से बचाव के लिए सरकारी अस्पतालों में टीकाकरण मुफ्त

स्वास्थ्य विभाग बरनाला ने 'विश्व रेबीज दिवस' पर चलाया जागरूकता अभियान

डेली आवाज भारती



बरनाला/राकेश जेठी: स्वास्थ्य विभाग बरनाला द्वारा जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में विश्व रेबीज (हलकाव) दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन बरनाला डॉ. हरिपाल सिंह सिद्धू ने बताया कि लोगों को रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी से बचाने और जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. हरजीत सिंह ने बताया कि इस वर्ष यह दिवस एकजुट होकर और मजबूत (Stronger Together) थीम के तहत मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी जानवर के काटने, चाटने या खरोंच मारने को कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में घाव को तुरंत साबुन और पानी अथवा डिटॉल आदि से अच्छी तरह साफ करना चाहिए और बिना देरी किए नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर चिकित्सकीय सलाह एवं टीकाकरण करवाना चाहिए। उन्होंने बताया कि एंटी-रेबीज टीका जिला अस्पताल बरनाला, सब-डिवीजनल अस्पताल तपा, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर महल कलां, धनौला, भदौड़ तथा आम आदमी क्लीनिकों में बिल्कुल मुफ्त लगाया जाता है। इसी तरह वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतवंत सिंह औजला के नेतृत्व में सीएचसी धनौला में विश्व रेबीज दिवस के संबंध में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। डॉ. विशालवीर सिंह ने बताया कि आम आदमी क्लीनिक और सरकारी अस्पतालों में रेबीज से बचाव के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है। लोगों से अपील करते हुए जिला मास मीडिया एवं सूचना अधिकारी कुलदीप सिंह मान तथा डिप्टी मास मीडिया एवं सूचना अधिकारी बलराज सिंह कालेके ने कहा कि कुत्तों तथा काटने वाले अन्य जानवरों को गलियों या सार्वजनिक स्थानों पर खुला नहीं छोड़ना चाहिए और न ही उनके साथ छेड़छाड़ करनी चाहिए। पालतू जानवरों का पशुपालन विभाग से समय पर टीकाकरण करवाना भी जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी आवारा जानवर के काटने पर चिकित्सकीय उपचार करवाने के बजाय नीम-हकीमों या अंधविश्वासों के चक्कर में पड़ना जानलेवा साबित हो सकता है। क्योंकि एक बार रेबीज के लक्षण सामने आने के बाद इसका कोई प्रभावी उपचार उपलब्ध नहीं है।

बरनालाः शिव सेवा संघ ने किया विनोद सिंघल जी का सम्मान

डेली आवाज भारती



बरनाला,नवीन काली। शिव सेवा संघ, बरनाला ने समाजसेवी और भोलेनाथ के परम भक्त श्री विनोद सिंघल जी के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि श्री अमरनाथ जी यात्रा 2026 के दौरान हजारों श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए भंडारे में सिंघल जी ने दिव्य मार्गदर्शन और उदार सहयोग दिया। उनके निःस्वार्थ दान से हजारों यात्रियों की सेवा संभव हो सकी। शिव सेवा संघ के प्रवक्ता ने कहा, ÷विनोद सिंघल जी केवल एक महान भक्त ही नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और त्याग के जीवंत उदाहरण हैं। वे सच में धरती पर उतरे परमात्मा के फरिश्ते हैं। उनका जीवन सिखाता है कि भगवान शिव की सबसे बड़ी पूजा उनकी सृष्टि की सेवा करना है।÷ इस अवसर पर संघ की पूरी टीम, स्वयंसेवकों और श्रद्धालुओं ने सिंघल जी को नमन किया और उनके स्वस्थ, समृद्ध और खुशहाल जीवन के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की। टीम ने उनके परिवार पर शिव बाबा की कृपा बनी रहने की कामना की।

युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह का जीवनः जय कृष्ण सिंह रौड़ी

डेली आवाज भारती

खटकड़ कलां (शहीद भगत सिंह नगर) : शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण सिंह रौड़ी, विधायक बंगा डॉ. सुखविंदर कुमार सुक्खी और डिप्टी कमिश्नर शहीद भगत सिंह नगर गुलप्रीत सिंह औलख ने आज खटकड़ कलां स्थित शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह स्मारक में जाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने कहा कि शहीद भगत सिंह का जीवन और उनका सर्वोच्च बलिदान देश की युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्र के प्रति समर्पण और देशभक्ति की एक मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार शहीद भगत सिंह जी के बताए मार्ग पर चलकर जनसेवा का कार्य कर रही है।

विधायक बंगा डॉ. सुखविंदर कुमार सुक्खी ने कहा कि शहीद भगत सिंह के विचार आज भी युवाओं को देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि शहीद-ए-आजम के जीवन और विचारों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है।

डीएवी कॉलेज में 100 सजावटी पौधे बांटे, प्लास्टिक प्रदूषण कम करने का संदेश

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/नवीन सिंगला : सेक्टर-10 स्थित डीएवी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से शुक्रवार को कॉलेज परिसर में पौध वितरण अभियान चलाया गया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों व स्टाफ को हरित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना अभियान का मुख्य उद्देश्य रहा। अभियान के दौरान कॉलेज स्टाफ को करीब 100 विभिन्न प्रजातियों के सजावटी पौधे वितरित किए गए। खास बात यह रही कि पौधों को नए गमलों के बजाय इस्तेमाल किए जा चुके प्लास्टिक के गमलों में लगाया गया था। इसके माध्यम से प्लास्टिक के दोबारा उपयोग को बढ़ावा देने और प्लास्टिक प्रदूषण कम करने का संदेश दिया गया। अभियान में शामिल स्टूडेंट वॉलंटियर्स ने शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्टाफ सदस्यों को वितरित किए गए पौधों की देखभाल, पानी की जरूरत और उनके रखरखाव से संबंधित जानकारी भी दी। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. मोना नारंग ने वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की पर्यावरण अनुकूल गतिविधियां लोगों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के साथ-साथ हरित वातावरण तैयार करने में भी मदद करती हैं। अभियान में विभाग के सदस्यों और स्टूडेंट वॉलंटियर्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

page 4_Layout 1 28-09-2026 17:51 Page 1

आर्कस्पायर में भावी वास्तुकारों ने रेलवे प्लेटफार्मों को किया री-डिज़ाइन

पीएचडीसीसीआई ने युवा प्रतिभाओं और बेहतरीन एग्जीबिटर्स को किया सम्मानित

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित किए गए 12वें इन्स-आउट के समापन अवसर पर भावी वास्तुकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला और उन्होंने एक टास्क के तहत रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्मों को री-डिज़ाइन किया। सोमवार को परेड ग्राउंड में आयोजित समापन समारोह के दौरान चंडीगढ़ पर्यटन विभाग के सचिव एवं सिटको के एमडी आईएएस डॉ.सैयद आबिद रशीद शाह ने विभिन्न कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों के युवाओं तथा प्रदर्शनी में भाग लेने वाले एग्जीबिटर्स को सम्मानित किया।

डॉ.सैयद आबिद रशीद शाह ने युवा प्रतिभा को सीखने, नई सोच अपनाने और असल दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए मंच देने के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने इंडस्ट्री, प्रोफेशनल्स और उभरते हुए टैलेंट को एक साथ लाने और बातचीत व विचारों के आदान-प्रदान के मौके बनाने के लिए इन्स-आउट एक्सपो की तारीफ़ की। आर्कस्पायर प्रतियोगिता में आर्किटेक्चर के छात्रों को अपनी क्रिएटिविटी, डिज़ाइन थिंकिंग और इनोवेटिव आइडिया दिखाने का मौका दिया। शुरुआती राउंड में कुल 24 छात्र टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 10 टीमों को जूरी ने फ़ाइनल के लिए चुना। चुनी गई टीमों को भारत भर के रेलवे स्टेशन दिए गए और उनसे इनोवेटिव आर्किटेक्चरल रीडिज़ाइन कॉन्सेप्ट और मॉडल बनाने के टास्क दिया गया। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन चंडीगढ़ के पूर्व चीफ आर्किटेक्ट कपिल सेतिया, आर्किटेक्ट मनमोहन खन्ना और आर्किटेक्ट सपना की जूरी ने किया। इस प्रतियोगिता में चितकारा यूनिवर्सिटी ने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के लिए अपने इनोवेटिव कॉन्सेप्ट के लिए पहला स्थान हासिल किया, जबकि चितकारा यूनिवर्सिटी की ही एक और टीम ने विज़ाग और विजयवाड़ा रेलवे स्टेशनों के लिए अपने डिज़ाइन कॉन्सेप्ट के लिए दूसरा स्थान हासिल किया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने बठिंडा रेलवे स्टेशन के रीडिज़ाइन कॉन्सेप्ट के लिए तीसरा स्थान हासिल किया। इन प्रोजेक्ट्स में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर की कार्यक्षमता, यात्रियों के अनुभव, सुलभता और कुल आर्किटेक्चरल विकास को बेहतर बनाने के लिए छात्रों की कोशिशें दिखाई दीं।

पीएचडीसीसीआई के चंडीगढ़ चैप्टर के चेयरमैन रजनीश बंसल ने कहा कि इन्स-आउट में कंपनियों, आर्किटेक्ट्स और भावी वास्तुकारों को बेहतर प्रोत्साहन मिला है। यह कार्यक्रम सभी के सहयोग और भागीदारी से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। को-चेयरमैन सुव्रत खन्ना ने चंडीगढ़ प्रशासन, कारोबारियों तथा प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चैंबर भविष्य में भी ऐसे सार्थक कार्यक्रम और इंडस्ट्री पर केंद्रित पहल आयोजित करता रहेगा। समापन सत्र में विभिन्न कैटेगरीज़ में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले एग्जीबिटर्स को सम्मानित भी किया गया। प्रो-मार्क को बेस्ट इनोवेशन विनर चुना गया, जबकि मार्स पावर को बेस्ट इनोवेशन रनर-अप घोषित किया गया। कैरवी लाइटिंग को बेस्ट डिस्प्ले विनर का अवॉर्ड मिला और राजन इंडस्ट्री को बेस्ट डिस्प्ले रनर-अप चुना गया। बेस्ट फुटफॉल कैटेगरी में सकरनी को विनर चुना गया, जबकि ग्लास पैलेस को रनर-अप का अवॉर्ड मिला। इन सम्मानों के ज़रिए पांच दिन की प्रदर्शनी के दौरान एग्जीबिटर्स के इनोवेशन, प्रेजेंटेशन, भागीदारी और जुड़ाव को सराहा गया। इस अवसर पर पीएचडीसीसीआई की रीजनल डायरेक्टर सुश्री जिज्ञासा नरूला समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

एन.एच.एम कर्मचारियों द्वारा हक़ी मांगों के लिए सिविल सर्जन कार्यालय समक्ष दिया गया धरना

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): एन.एच.एम कर्मचारियों द्वारा अपनी लंबे समय से लटकती हक़ी मांगों की प्राप्ति के लिए सोमवार को जिला फिरोजपुर में सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष रोष धरना दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न कैडरों के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सरकार और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया। धरने के उपरांत सिविल सर्जन फिरोजपुर को निर्देशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के नाम मांग पत्र भी सौंपा गया। धरने को संबोधित करते हुए नेता बगीचा सिंह, कम्युनिटी हेल्थ अफसर नरेंद्र सिंह, डा.प्रीत मखीजा, डा.हरप्रीत सिंह, हरजिंदर सिंह, नरेंद्र शर्मा, डा.अमनदीप कौर और डा.ललित कुमार ने कहा कि एन.एच.एम कर्मचारी लंबे समय से विभाग की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं, लेकिन उनकी जायज मांगों का अभी तक पूर्ण समाधान नहीं किया गया है। नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों की मुख्य मांगों में बराबर काम बराबर वेतन, लंबे समय से बंद लॉयल्टी बोनस बहाल करना, ग्रेच्युटी का लाभ देना, नौकरी की आयु सीमा में वृद्धि, कम्युनिटी हेल्थ अफसरों (सीएचओ) को अन्य राज्यों की तुलना में मिल रहे 5,000 कम वेतन के मुद्दे का समाधान करना शामिल है। इसके अलावा एन.एच.एम कर्मचारियों की अन्य लंबित मांगों को भी जल्द हल करने की मांग की गई। नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा बार-बार बैठकों और आश्वासनों के बावजूद मांगों का पूरा समाधान ना होने के कारण कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि मांगों का जल्द निपटारा ना किया गया तो संघर्ष को ओर तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संघर्ष के अगले चरण के तहत 1 अक्तूबर को विधायकों के कार्यालयों का घेराव किया जाएगा और 9 अक्तूबर को धूरी में विशाल धरना लगाया जाएगा। इस धरने में आरबीएसके टीम, कम्युनिटी हेल्थ अफसर, क्लर्क स्टाफ, स्टाफ नर्स, मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर, टी.बी विभाग के कर्मचारी, लैब टेक्नीशियन, डीपीएमयू स्टाफ सहित विभिन्न कैडरों के एन.एच.एम कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा पैरामेडिकल यूनियन फिरोजपुर के साथी नरिन्द्र शर्मा, परवीर सिंह, सतनाम सिंह, मनजीत कुमार, गुरुदेव सिंह भी उपस्थित थे। अंत में एन.एच.एम. कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि उनकी जायज़ मांगों को गंभीरता से लेते हुए तुरंत बातचीत के माध्यम से हल किया जाए, ताकि स्वास्थ्य विभाग की सेवाएं प्रभावित ना हों।

अज्ञात व्यक्ति नाबालिग को विवाह का झांसा देकर अगवाह कर हुआ फरार

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी की पुलिस ने बीते दिन गांव मनसूरदेवा से नाबालिग युवती को विवाह का झांसा देकर अगवाह करके ले जाने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ युवती के पिता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सिटी के एएसआई निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में मोहन सिंह पुत्र मेला सिंह वासी गांव लोहके कलां हाल वासी गांव मंसूरदेवा ने बताया कि उसकी बेटी जोकि शाम 7.30 बजे बिना बताए घर से चली गई थी और घर वापिस नहीं लौटी है। पीड़ित ने बताया कि उसे शक है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बेटी को विवाह करवाने का झांसा देकर अपने साथ अगवाह करके ले गया है। मामले की जांच कर रहे निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज करके युवती व अज्ञात व्यक्ति की तलाश शुरु कर दी है।

अटारी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव प्रचार के दौरान बीबी दलवीर कौर को अटारी के गांव रनगढ़ में भारी समर्थन मिला

डेली आवाज भारती



अमृतसर/सलोनी नेहा गिल: विधानसभा क्षेत्र अटारी से बीबी दलवीर कौर, नेशनल प्रेसिडेंट भूपिंदर सिंह सोनू, और कार्यकारी पधान सरबजीत सिंह बाबा साहिब, सुखविंदर कौर रीटा, लखविंदर सिंह मजीठिया अटारी विधानसभा क्षेत्र से बीबी दलवीर कौर ने अटारी के अलग-अलग गांवों में प्रचार किया, जहां लोगों ने भी उन्हें बहुत प्यार दिया और खुले दिल से उनका स्वागत किया। बीबी दलवीर कौर को लोगों से ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जहां लोग पारंपरिक पार्टियों से तंग आ चुके हैं और अब आने वाले 2027 के चुनावों में बीबी दलवीर कौर को वोट देकर कामयाब बनाएंगे। लोग अब बदलाव चाहते हैं। मीडिया से बात करते हुए बीबी दलवीर कौर ने कहा कि वह अटारी विधानसभा क्षेत्र में सेवा कर रही हैं और उनकी तरफ से लगातार सेवाएं दी जा रही हैं और अगर लोग 2027 में उन्हें वोट देते है तो उनका शुक्रिया अदा करते हैं, तो वह दिल से लोगों की शुक्रगुजार रहेंगी। लोगों के लिए कई तरह की योजनाएं हैं। लोगों ने जो भरोसा दिया है, उसे पूरा करने की कोशिश की गई है। लोगों की जो भी उम्मीदें हैं, उन्हें ज़रूर पूरा करेंगे। इस बीच, करमजीत सिंह गिल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अटारी के गांवों में चुनाव प्रचार किया जा रहा है और लोगों को बीबी दलवीर कौर को बहुत सम्मान देना चाहिए। यहां 2027 में वह भारी बढ़त से जीतकर लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरेंगी और जो भी लोगों के काम आएगा, उसे प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। वहां सरबजीत सिंह बाबा साहिब, लखविंदर सिंह मजीठिया, सुखविंदर कौर, अतुल मट्ठू, रिंकू बोस बीबी महिंदर कौर, प्रधान रानी, सुमन, बलजीत कौर, दलजीत कौर मौजूद थे।

हेल्थ डिपार्टमेंट ने मिलावट के खिलाफ लिया सख्त एक्शन

अप्रैल से अब तक 312 सैंपल लिए गए

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) : पंजाब सरकार के निर्देशों के अनुसार, ष्टस्न्नष्ठ मैडम कमलप्रीत कौर बराड़, डिप्टी कमिश्नर दलविंदरजीत सिंह IAS और सिविल सर्जन अमृतसर डॉ. सतिंदरजीत सिंह बजाज के निर्देशों के तहत, डिस्ट्रिक्ट हेल्थ डिपार्टमेंट की तरफ से अमृतसर जिले में खाने की चीज़ों की क्वालिटी पक्का करने और मिलावट रोकने के लिए लगातार एनफोर्समेंट कैंपेन चलाया जा रहा है। डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर कम डेजिग्नेटेड फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. मनजीत सिंह रटौल ने बताया कि 28 सितंबर 2026 तक की प्रोग्रेस रिपोर्ट के अनुसार, हेल्थ डिपार्टमेंट ने 312 दूध के सैंपल, 291 दूध के इंस्पेक्शन और 52 दही के सैंपल लिए हैं। इसके अलावा, मिलावट और फूड सेफ्टी नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामलों में कानूनी कार्रवाई भी की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, CJM कोर्ट ने 4 मामलों में` 40,000 और ADC कोर्ट ने 36 मामलों में1,79,500 का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही CJM कोर्ट में 1 और ADC कोर्ट में 47 मामले दर्ज किए गए हैं। अलग-अलग मामलों में दूसरी कानूनी कार्रवाई भी चल रही है। हेल्थ डिपार्टमेंट ने 720 द्यद्द घुमगा पीनी और 70 द्यद्द घुमगा पनीर और दूसरी खाने की चीज़ों पर भी कार्रवाई की है। इसके अलावा, 6 ज़ब्त चीज़ें और 40 लैब रिपोर्ट दर्ज की गई हैं। डेजिग्नेटेड ऑफिसर-कम-डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर डॉ. मनजीत सिंह रटौल ने कहा कि जिले में फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड्स का सख्ती से पालन पक्का किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूध और दूध से बने प्रोडक्ट्स समेत अलग-अलग खाने की चीज़ों की जांच जारी रहेगी और अगर नियमों का उल्लंघन पाया गया तो फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट के मुताबिक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कंज्यूमर्स से अपील की कि वे खाने की चीज़ें सिर्फ़ अच्छी क्वालिटी और भरोसेमंद जगहों से ही खरीदें और किसी भी तरह की मिलावट या खराब क्वालिटी का शक होने पर हेल्थ डिपार्टमेंट को बताएं।

पुलिस ने ट्रांस्फार्मर से चोरी किए 25 लीटर तेल सहित 1 को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर गांव मोहनके हिठाड़ पुल सुआ नगर पर छापेमारी करके वहां से ट्रांस्फार्मर से चोरी किए 25 लाटर तेल के साथ 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर चोरी की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई बलदेव सिंह ने बताया उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि दोषी लोगों के खेतों में लगे ट्रांस्फार्मर से तेल चेरी करने का काम करता है और आज भी वह चोरी किया हुआ तेल बेचने के लिए गांव मोहनके हिठाड़ के पास पुल सुआ नहर पर ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके दोषी बलवंत सिंह पुत्र चिमन सिंह वासी चांदी वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से ट्रांस्फार्मरों से चोरी किया हुआ 25 लीटर तेल बरामद किया है। मामले की जांच कर रहे बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में बलवंत सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कीर्रवाई शुरु कर दी है।

केन्द्रीय जेल फिरोजपुर में तलाशई में 8 फोन एवं 72 तंबाकू की पूड़िया बरामद

- पुलिस ने जेल अधिकारी के बयान पर 9 लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): केन्द्रीय जेल फिरोजपुर में बीते दिन जेल अधिकारियों व कर्मचारियों ने जेल में चलाए तलाशी अभियान के दौरान जेल में बंद हवालातियों व कैदीयों से 4 मोबाईल फोन और तंबाकू की पूडि ं बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस थाना सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने केन्द्रीय जेल फिरोजपुर के सहायक सुपरिटेंडेंट के बयान पर 9 हवालातियों व कैदियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एस.आई सुखदेव सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में केन्द्रीय जेल फिरोजपुर के सहायक सुपरिटेंडेंट ने बताया कि उन्होंने बीते दिन जेल में चलाए तलाशी अभियान के दौरान जेल में बंद हवालाती नच्छतर सिंह पुत्र रुलदू सिंह वासी गांव पीरां वाला, लवप्रीत सिंह उर्फ लभी पुत्र गुरदीप सिंह वासी अलीके रोड बाग वाली बस्ती फिरोजपुर, शिवा पुत्र नीरज वासी जनता प्रीत नगर फिरोजपुर, सुखदेव सिंह उर्फ सुखी पुत्र अमरजीत सिंह वासी मोहनके उताड़, गुरप्रीत सिंह पुत्र गुरमेल सिंह वासी मोहन नगर खेमकरन व कैदी परविन्द्र सिंह पुत्र प्रेम सिंह वासी सैदापुर अलवर राजस्थान, कैदी मिठन उर्फ मिट्ठी पुत्र पाला सिंह वासी गांव सोढी नगर व जगमीत सिंह पुत्र संतोख सिंह वासी सोहनगढ़ रत्ते वाला से 4 टच सक्रीन मोबाईल फोन, 4 की पैड फोन व 72 पूडि ं तंबाकू की बरामद की है।

पति ने घर में साथियों के साथ दाखिल होकर पत्नी से मारपीट कर उसके कपड़े फाड़े

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी की पुलिस ने बीते दिन घर में दाखिल होकर अपनी पत्नी को मारपीट करके जख्मी करने और उसके कपड़े फाडने वाले दोषी पति और उसके 7 साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता महिला के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी जीरा के एस.आई सतवंत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में अंशुलदीप गुजराल पत्नी रोहित अग्रवाल पुत्री मनमोहन सिंह वासी कलगीधर नगर जीरा ने बताया कि उसका अपनी पति रोहित अग्रवाल पुत्र विशवा मित्र अग्रवाल वासी मितल कालोनी कोट ईसेखां रोड जीरा के साथ तलाक का केस चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि बीते दिन जब वह घर में अकेली थी तो उसका पति रोहित अग्रवाल अपने साथी पीयूश व 6 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर घर में घूस आया और उसने पीड़िता के साथ मारपीट की और बुरी नजर के साथ उसके कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता ने बताया कि दोषी ने इस घटना के दौरान उसके साथ गल्त हरकत करने की भी कोशिश की। मामले की जांच कर रहे सतवंत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

तीन दिवसीय देशव्यापी बैंक हड़ताल फिलहाल टली, समाधान तलाशने के लिए कमेटी बनाने पर सहमति

रात की बैठक में बनी सहमति, नहीं होगी 3 दिन की स्ट्राइक

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। बैंकों में 5-डे वर्किंग समेत अन्य मांगों को लेकर 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित तीन दिवसीय देशव्यापी बैंक हड़ताल फिलहाल टल गई है। यानी आज से सरकारी बैंकों में हड़ताल नहीं होगी और बैंकिंग सेवाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी। यह फैसला 27 सितंबर की रात इंडियन बैंक एसोसिएशन (IBA) और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (UFBU) के बीच हुई बैठक में लिया गया। बैठक में 5-डे वर्किंग और छुट्टियों से जुड़े मुद्दों पर समाधान तलाशने के लिए कमेटी बनाने पर सहमति बनी है। बैंक यूनियनों की मुख्य मांग थी कि बैंकों में सोमवार से शुक्रवार तक काम हो और शनिवार-रविवार छुट्टी रहे। इसके अलावा PLI स्कीम समेत कुछ अन्य लंबित मुद्दों को लेकर भी यूनियनों और बैंक प्रबंधन के बीच मतभेद थे। हालांकि, 5-डे वर्किंग अभी लागू नहीं हुई है। फिलहाल केवल इस मुद्दे पर कमेटी बनाकर समाधान तलाशने पर सहमति बनी है। प्रस्तावित हड़ताल में AIBEA, AIBOC, NCBE, AIBOA, BEFI, INBEF और INBOC समेत 7 प्रमुख बैंक यूनियनें शामिल होने वाली थीं। इससे बैंक शाखाओं में कैश जमा-निकासी, चेक, ड्राफ्ट और अन्य सेवाएं प्रभावित होने की आशंका थी।

28, 29 और 30 सितंबर को बैंक सामान्य खुलेंगे

PLI स्कीम को लेकर भी विवाद जारी है। बैंक यूनियनें अधिकारियों के लिए लागू किए गए नए इंसेंटिव नियमों पर आपत्ति जता रही हैं। इस बीच, हड़ताल की संभावना को देखते हुए वित्त मंत्रालय के निर्देश पर रविवार को भी बैंक खोले गए थे, ताकि ग्राहकों के जरूरी बैंकिंग काम प्रभावित न हों। फिलहाल हड़ताल टलने के बाद 28, 29 और 30 सितंबर को बैंक सामान्य रूप से खुले रहेंगे।

पिता की खामोश कुर्बानी—जिसका हिसाब कभी नहीं होता

माँ का प्यार हर कोई महसूस करता है, लेकिन पिता की खामोश कुर्बानी को समझने वाले बहुत कम होते हैं। माँ जहाँ ममता की मूरत होती है, वहीं पिता वह बरगद का पेड़ है, जो खुद धूप में खड़ा रहकर अपनी संतान को छाँव देता है। वह अपनी मुश्किलों का जिक्र नहीं करता, अपनी तकलीफों को छिपा लेता है और परिवार की खुशियों को ही अपनी जिंदगी का मकसद बना लेता है।

तीन वक्त की रोटी के लिए हर रोज एक नई जंग

एक पिता के लिए परिवार की रोटी कमाना सिर्फ रोजगार नहीं, बल्कि हर दिन लड़ी जाने वाली जंग होती है। कोई सुबह अंधेरे में उठकर मजदूरी के लिए निकलता है, कोई रिक्शा चलाता है, तो कोई दुकान या कारखाने में घंटों पसीना बहाता है। हाथों पर छाले पड़ते हैं, शरीर थकावट से चूर होता है, लेकिन चेहरे पर फिर भी हौसला होता है। उसे अपनी थकावट से ज्यादा चिंता अपने बच्चों की होती है। उसके मन में एक ही बात चलती रहती है—घर खाली हाथ नहीं जाना। क्योंकि उसे पता होता है कि उसकी एक दिन की कमाई किसी बच्चे की रोटी, किसी की फीस या किसी की दवा बन सकती है।

अपने सपने दबाकर संतान के सपने सजाता है पिता

पिता की सबसे बड़ी इच्छा होती है कि उसकी संतान उससे आगे बढ़े। इस सपने की खातिर वह अपने अनेकों अरमानों को चुपचाप दफन कर देता है। अपने लिए नए कपड़े लेने की जगह बच्चे की फीस भर देता है। अपनी जरूरत टालकर बच्चे की किताब खरीद लेता है। अपनी सेहत और आराम को पीछे छोड़कर संतान के भविष्य के लिए दिन-रात मेहनत करता है।

उसकी आँखों में एक ही सपना होता है—÷मेरा बच्चा मुझसे बेहतर जिंदगी जिए।÷ बच्चे की छोटी-सी कामयाबी भी उसके लिए वर्षों की थकावट का इनाम बन जाती है।



अमनदीप संधू

कामयाबी के बाद क्यों भूल जाते हैं वे हाथ?

लेकिन जिंदगी का सबसे दुखद पहलू तब सामने आता है, जब वही बच्चा पढ़-लिखकर कामयाब हो जाता है, बड़ी नौकरी हासिल कर लेता है या विदेश जाकर बस जाता है। कई बार वह अपनी व्यस्तताओं और अपनी दुनिया में इतना खो जाता है कि पीछे रह गए माता-पिता की प्रतीक्षा को ही भूल जाता है।

जिन हाथों ने उसे चलना सिखाया, जिन कंधों ने उसे उठाकर घुमाया और जिन पैरों ने उसके भविष्य के लिए पूरी जिंदगी भटकते हुए गुजार दी, वही हाथ बुढ़ापे में सहारे की प्रतीक्षा करने लगते हैं।

सबसे बड़ा दुख तब होता है, जब किसी पिता को अपनी ही संतान से यह सुनना पड़े—÷आपने हमारे लिए किया ही क्या है?÷

यह सिर्फ एक वाक्य नहीं होता। यह उस पिता की दशकों लंबी मेहनत, त्याग और प्यार पर लगने वाला ऐसा घाव होता है, जिसकी पीड़ा शायद शब्दों में कभी बयान न हो सके।

माता-पिता की कद्र उनके होते हुए ही करें

माता-पिता अचानक बूढ़े नहीं होते। वे हमारी जरूरतें पूरी करते-करते, हमारे सपने सजाते-सजाते और हमारी चिंता करते-करते धीरे-धीरे थक जाते हैं।

उन्हें हर बार महंगे उपहारों की जरूरत नहीं होती। कई बार उनके लिए हमारा कुछ पल पास बैठना, प्यार से बात करना और पूछ लेना—÷पापा, आप ठीक हैं?÷—ही दुनिया की सबसे बड़ी दौलत होती है।

इसलिए जब माता-पिता हमारे पास हैं, उनकी कद्र करें। उनकी आँखों में अपने लिए इंतजार न बनने दें। क्योंकि जब सिर से माता-पिता की छाँव उठ जाती है, तब इंसान के पास दौलत, रुतबा और कामयाबी तो हो सकती है, लेकिन वे दो हाथ नहीं होते, जो बिना किसी स्वार्थ के उसके लिए हमेशा दुआ करते थे।

माता-पिता की सेवा का अवसर आज है—कल सिर्फ यादें और पछतावा रह सकता है।

पेशकश: दमनप्रीत कौर जंडू, बटाला

फिरोजुपर मंडल में अंतर-विभागीय वॉलीबाल टूर्नामेंट आयोजित



फिरोजुपर मंडल में अंतर-विभागीय वॉलीबाल टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए खिलाड़ी।

- वाणिज्य विभाग व इलेक्ट्रिक शेड की टीमें वॉलीबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल में पहली बार विभिन्न विभागों के बीच आयोजित किए जा रहे अंतर-विभागीय वॉलीबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले बीते दिन करवाए गए। जिनमें पहले सेमीफाइनल मुकाबले में वाणिज्य विभाग की टीम ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफएस परमदीप सिंह सैनी के नेतृत्व में इलेक्ट्रिकल एवं आरएसओ की संयुक्त टीम को लगातार दो सेटों में 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में इलेक्ट्रिक शेड की टीम ने मैकेनिकल विभाग की टीम को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। इस टूर्नामेंट का आयोजन वरिष्ठ मंडल खेल अधिकारी राहुल देव की अध्यक्षता में कराया गया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने फाइनल में पहुंचने वाली दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं।

CMYK

page 5_Layout 1 28-09-2026 18:58 Page 1

करमजीत सिंह रिंटू ने नेहरू कॉलोनी, संधू कॉलोनी और जवाहर नगर में प्रिमिक्स से सड़के बनवाने के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

उत्तरी विधानसभा क्षेत्र का पूर्ण विकास करवाना प्राथमिकता : करमजीत सिंह रिंटू

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी इंप्रूवमेंट ट्रस्ट अमृतसर के चेयरमैन एवं उत्तरी विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के इंचार्ज करमजीत सिंह रिंटू ने वार्ड नंबर 13,14 एवं 16 के क्षेत्र की प्रिमिक्स से सड़के बनवाने के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। श्री रिंटू ने कहा कि इन तीनों वार्ड के क्षेत्र नेहरू कॉलोनी, संधू कॉलोनी और जवाहर नगर के आसपास के क्षेत्र की सड़के खराब होने से क्षेत्रवासी लंबे समय से परेशानी का सामना कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज सड़के बनवाने के कार्य शुरू करवा दिए गए हैं। जिससे लोगों में भारी उत्साह पाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सड़के बनवाने का कार्य पूरा होने से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन



क्षेत्रों की पहले सीवरेज व्यवस्था को ठीक करवाया गया। करमजीत सिंह रिंटू ने कहा कि उत्तरी विधानसभा क्षेत्र का पूर्ण विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लोगों के बीच जाकर उनकी समस्या सुनी जाती हैं। जिनका पहल के आधार पर हल करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तरी विधानसभा क्षेत्र की सभी वार्ड और पंचायतो के क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रंजीत एवेन्यू क्षेत्र की सड़के बनवाने के कार्यों को मंजूरी दे दी गई है।आने वाले 2 महीनो तक सड़कों को बनवाने के विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। उत्तरी विधानसभा क्षेत्र की कोई भी सड़क अधूरी नहीं छोड़ी जाएगी। करमजीत सिंह रिंटू ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान आम लोगों की भलाई को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सरकार बनने से पहले पंजाब के लोगों से किए गए वादों और आम आदमी पार्टी पर लोगों द्वारा जताए गए भरोसे को पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया है। रिंटू ने कहा,÷यह एक ऐसी सरकार है जिसने सिर्फ वादे ही नहीं किए,बल्कि जो कहा है, उसे जमीनी स्तर पर करके भी दिखाया है। इस अवसर पर रितेश शर्मा, कुलदीप सिंह, किशोर भगत, संदीप रिंका, डिंपी चौहान, सतीश कुमार, हरपाल सिंह, सोनू कपूर, भारतबीर सिंह, इशांत शर्मा, सरमेल सिंह व क्षेत्र के लोग मौजूद थे।

व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए पंजाब ट्रेडर्स कमीशन प्रतिबद्ध : अनिल ठाकुर

पंजाब ट्रेडर्स कमीशन के उपाध्यक्ष ने बैठक कर व्यापारियों की शिकायतों की समीक्षा की

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब ट्रेडर्स कमीशन के उपाध्यक्ष अनिल ठाकुर ने जिला प्रशासनिक परिसर में पहुंचकर ट्रेडर्स कमीशन से संबंधित व्यापारियों के आवेदनों और शिकायतों की समीक्षा की। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त (सामान्य) डा.अमनदीप कौर भी मौजूद थीं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अनिल ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री स.भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार व्यापारियों के हितों की रक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ट्रेडर्स कमीशन बाजारों के स्वरूप को बेहतर बनाने के साथ-साथ व्यापारियों से संबंधित समस्याओं के उचित समाधान के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब में पहली बार किसी सरकार द्वारा व्यापारियों और दुकानदारों से संबंधित स्थानीय स्तर की समस्याओं के समाधान के लिए



विधानसभा हलका और जिला स्तरीय ट्रेडर्स कमीशन स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा राज्य स्तर पर वित्त मंत्री के नेतृत्व में पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन का गठन किया गया है, जो व्यापारियों के साथ सीधा संवाद करके उनकी मुश्किलों के समाधान के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब ट्रेडर्स कमीशन व्यापारियों और सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण पुल के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि कमीशन द्वारा नियुक्त जिला स्तरीय चेयरमैन व्यापारियों की समस्याओं को सुनते हैं और इनके समाधान के लिए जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ तालमेल करते हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं/शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उन्होंने व्यापारियों द्वारा प्राप्त हुई शिकायतें जिसमें, साफ-सफाई, आवारा पशुओं की समस्या, बाजारों में सार्वजनिक शौचालय, पीने का स्वच्छ पानी, बस स्टॉप, सडे ों पर अवैध कब्जे आदि संबंधी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया और प्राप्त शिकायतों के शीघ्र से शीघ्र निपटारे के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डा.अमनदीप कौर ने बताया कि जिले से लगभग 150 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से जिला स्तर की लगभग सभी शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है, जबकि लंबित तीन शिकायतों का राज्य स्तर पर तालमेल करके शीघ्र ही निपटारा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह जिले के व्यापारियों और जिला प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल का परिणाम है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जिले में व्यापारिक गतिविधियों को सुचारू ढंग से चलाने और व्यापारियों को आवश्यक प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने के लिए संबंधित विभागों के साथ लगातार तालमेल किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि व्यापारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों और सुझावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम जीरा सूरज, डीएसपी सुखविंदर सिंह, जिला अध्यक्ष ट्रेड विंग सुखदेव सिंह जोसन के अलावा ट्रेड विंग के अन्य सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

सीवीटीसी सेंटर में 120 घंटे का बेसिक कंप्यूटर एवं वेब डिजाइनिंग कोर्स करवाया जा रहा

नए बैच के लिए इच्छुक उम्मीदवार ले सकते हैं दाखिला

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : ग्रुप कैप्टन दविंदर सिंह ढिल्लों (सेवानिवृत्त), जिला रक्षा सेवाएं कल्याण अधिकारी, अमृतसर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस कार्यालय के अंतर्गत चल रहे स्ड्ढञ्जष्ट सेंटर में बेसिक कंप्यूटर एवं वेब डिजाइनिंग का तीन महीने का कोर्स करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह 120 घंटे का ढ्ढस्ह्र ष्टद्गह्लह्लद्बद्बद्गद्गस्र कोर्स है और इसका नया बैच शुरू हो चुका है। इच्छुक उम्मीदवार इस कोर्स में दाखिला लेकर कंप्यूटर एवं वेब डिजाइनिंग से संबंधित कौशल हासिल कर सकते हैं। जिला रक्षा सेवाएं कल्याण अधिकारी ने बताया कि यह कोर्स बाजार में चल रहे इसी प्रकार के अन्य कोर्सों की तुलना में बहुत कम फीस पर



करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार इस अवसर का लाभ उठाते हुए कोर्स में दाखिला ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि दाखिले संबंधी अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए इच्छुक उम्मीदवार कार्यालय समय के दौरान जिला रक्षा सेवाएं कल्याण कार्यालय, 52 कोर्ट रोड, नजदीक निज्जर स्कैन सेंटर, अमृतसर में आकर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा दाखिले संबंधी जानकारी के लिए कार्यालय के फोन नंबर 6284432143 पर भी संपर्क किया जा सकता है

धान की कटाई फसल पूरी तरह पकने के बाद ही करें: डिप्टी कमिश्नर

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : डिप्टी कमिश्नर अमृतसर ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि इस वर्ष धान की कटाई फसल के पूरी तरह पकने के बाद ही की जाए तथा खरीफ सीजन के दौरान मंडियों में सूखा धान ही लाया जाए।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा धान की खरीद के लिए नमी की अधिकतम सीमा 17 प्रतिशत निर्धारित की गई है। यदि किसी किसान के धान में 17 प्रतिशत से अधिक नमी पाई जाती है, तो उसे मंडी में अपनी फसल बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इस वर्ष धान की फसल का मूल्य 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसलिए किसानों से अपील की गई है कि वे मंडियों में सूखा धान



लेकर आएं, ताकि उन्हें अपनी फसल का पूरा मूल्य मिल सके।

डिप्टी कमिश्नर ने जिले के मुख्य कृषि अधिकारी तथा जिला मंडी अधिकारी को निर्देश दिए कि गांवों में विशेष कैंप लगाकर किसानों को मंडियों में सूखा धान लाने के लिए जागरूक किया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने कंबाइन ऑपरेटरों को निर्देश दिए कि धान के सीजन के दौरान सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ही धान की कटाई की जाए।

खेलां वतन पंजाब दियां-2026 के तहत विभिन्न खेलों के ट्रायल 1 से 10 अक्टूबर तक होंगे

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी । खेलां वतन पंजाब दियां-2026 के अंतर्गत 10 अक्टूबर से 23 नवंबर 2026 तक पंजाब के विभिन्न जिलों में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय खेलों में जिला अमृतसर का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए विभिन्न खेलों के ट्रायल करवाए जा रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी अमृतसर श्री गुरप्रीत सिंह ने बताया कि जिन खेलों के जिला स्तरीय टूर्नामेंट आयोजित नहीं किए गए हैं, उन खेलों के ट्रायल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार करवाए जाएंगे। जिम्नास्टिक आर्टिस्टिक (लड़कियां) के ट्रायल 1 अक्टूबर को श्री गुरु हरिकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जी.टी. रोड, अमृतसर में दोपहर 3 बजे,



जिम्नास्टिक रिदमिक (लड़कियां) के ट्रायल गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में दोपहर 3 बजे तथा रोइंग और कयाकिंग-कैनोइंग के ट्रायल जगदेव कलां में दोपहर 3 बजे होंगे। वुशू के ट्रायल 1 अक्टूबर को भवन एस.एल. पब्लिक स्कूल में सुबह 10 बजे करवाए जाएंगे। इसी प्रकार, बेसबॉल और सॉफ्टबॉल के ट्रायल 3 और 4 अक्टूबर को खालसा कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में सुबह 10 बजे, जिम्नास्टिक (लड़के) के ट्रायल 3 अक्टूबर को पी.बी.एन. स्कूल में दोपहर 3 बजे तथा कराटे के ट्रायल सरकारी गर्ल्स सारागढ़ी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, टाउन हॉल में सुबह 9 बजे होंगे।

रग्बी के ट्रायल 6 अक्टूबर को गुरु नानक स्टेडियम, अमृतसर में सुबह 10 बजे तथा ताइक्वांडो के ट्रायल 10 अक्टूबर को अजीत विद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अमृतसर में सुबह 9 बजे करवाए जाएंगे। जिला खेल अधिकारी ने संबंधित खेलों के इच्छुक खिलाड़ियों से अपील की कि वे निर्धारित तिथि, स्थान और रिपोर्टिंग समय के अनुसार ट्रायल में उपस्थित होकर राज्य स्तरीय खेलों के लिए चयन प्रक्रिया में भाग लें।

101 जरूरतमंद जोड़ों के विवाह समारोह के लिए दीपक शर्मा दीपु ने कुराली वासियों को दिया निमंत्रण

एक सहारा फाउंडेशन की ओर से 11 अक्टूबर को रयात यूनिवर्सिटी के सामने मैदान में करवाए जाएंगे विवाह

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालढ़िया): एक सहारा फाउंडेशन की ओर से 101 जरूरतमंद जोड़ों के विवाह करवाने के लिए आयोजित किए जा रहे विशेष समारोह के संबंध में समाजसेवी दीपक शर्मा दीपु की ओर से अपनी टीम और साथियों सहित कुराली शहर में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न बाजारों में पहुंचकर दुकानदारों, व्यापारियों और कुराली वासियों को समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया। इस मौके पर दीपक शर्मा दीपु के साथ निमंत्रण देने पहुंची महिलाओं और बहनों ने भी विशेष अंदाज में कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। उन्होंने सीठणियां और पंजाबी



बोलियां डालकर इस सामाजिक कार्य की शुरुआत की। महिलाओं द्वारा इस तरह पारंपरिक अंदाज में निमंत्रण देने से बाजारों में माहौल खुशनुमा और उत्साहपूर्ण बन गया। उन्होंने कुराली वासियों की ओर से मिले प्यार और सहयोग के लिए विशेष रूप से धन्यवाद किया तथा सभी से समारोह में पहुंचकर जरूरतमंद जोड़ों की खुशियों में शामिल होने की अपील की। एक सहारा फाउंडेशन की ओर से 101 जरूरतमंद जोड़ों के विवाह 11 अक्टूबर को रयात यूनिवर्सिटी के बिल्कुल सामने स्थित मैदान में करवाए जाएंगे। समारोह को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं तथा शहर वासियों को बड़ी संख्या में समारोह में पहुंचकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने का निमंत्रण दिया जा रहा है। जनसंपर्क अभियान के दौरान दीपक शर्मा दीपु ने कहा कि 101 जरूरतमंद जोड़ों के विवाह करवाना एक बड़ा समाजसेवी प्रयास है, जिससे कई जरूरतमंद परिवारों के घरों में खुशियां आएंगी। उन्होंने कहा कि एक सहारा फाउंडेशन की ओर से किए जा रहे इस प्रयास में समाज के हर वर्ग को अपना सहयोग देना चाहिए और नवविवाहित जोड़ों की खुशियों में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर के बाजारों में जाकर दुकानदारों, व्यापारियों और कुराली वासियों को व्यक्तिगत रूप से समारोह के लिए निमंत्रण दिया गया है। यह केवल विवाह समारोह नहीं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों की खुशियों में शामिल होने का अवसर है। उन्होंने कुराली वासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर नवविवाहित जोड़ों को अपना प्यार और आशीर्वाद दें। दीपक शर्मा दीपु ने कुराली वासियों की ओर से मिल रहे प्यार और सहयोग के लिए दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह शहरवासियों की ओर से उनके समाजसेवी कार्यों को प्यार और हौसला मिल रहा है, उससे उन्हें आगे भी समाज भलाई के कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि लोगों का प्यार ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के आशीर्वाद और शहरवासियों के सहयोग से 101 जरूरतमंद जोड़ों के विवाह का यह बड़ा कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होगा। उनका प्रयास है कि 11 अक्टूबर का यह समारोह जरूरतमंद परिवारों के लिए यादगार बने और नवविवाहित जोड़े अपने जीवन की नई शुरुआत खुशियों के साथ करें।

स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत डीजल शेड लुधियाना की कबाड़ से जुगाड़ की पहल

- कबाड़ के सामान से बनाई विभिन्न आकर्षक एवं संदेशपदक कलाकृतियां

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत डीजल शेड लुधियाना द्वारा कबाड़ से जुगाड़ की अभिनव पहल के तहत डीजल शेड लुधियाना के तकनीकी विशेषज्ञता से युक्त एवं आईएसओ प्रमाणित वेल्डरों द्वारा अनुपयोगी एवं कबाड़ सामग्री का रचनात्मक पुनऱ्उपयोग करते हुए विभिन्न आकर्षक एवं संदेशपरक कलाकृतियां तैयार की गई। इनमें भारत का सिपाही, समय



की कीमत, जुगाड़ गन तथा जुगाड़ तोप प्रमुख हैं। इन कलाकृतियों के माध्यम से कबाड़ को उपयोगी एवं आकर्षक रूप प्रदान करने के साथ-साथ पुनर्चक्रण, पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के बेहतर उपयोग का संदेश दिया गया। इन कलाकृतियों को ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान राष्ट्र के प्रति समर्पित आदर्श पार्क में प्रदर्शित किया गया। इन कलाकृतियों को तैयार करने में डीजल शेड के विभिन्न अनुभागों के कर्मचारियों ने लगभग एक माह तक निरंतर समर्पण एवं टीम भावना के साथ कार्य किया। इस मौके पर वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता डीजल शेड लुधियाना राहुल भारती ने शेड के कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा उपलब्ध संसाधनों के विवेकपूर्ण एवं पुनऱ उपयोग के महत्व के बारे में जागरूक किया तथा भविष्य में भी ऐसी रचनात्मक एवं पर्यावरण हितैषी गतिविधियों को बढ़ावा देने पर बल दिया। जबकि मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने डीजल शेड लुधियाना के प्रयासों की सराहना करते हुए कर्मचारियों की रचनात्मकता एवं टीम भावना की प्रशंसा की।

विधायक रणबीर भुल्लर ने शहीद-ए-आजम स.भगत सिंह की आदमकद प्रतिमा का किया उद्घाटन

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): मुख्यमंत्री स.भगवंत सिंह मान के योग्य नेतृत्व में रंगला पंजाब योजना के तहत सोमवार को फिरोजपुर शहर के ऐतिहासिक मुल्तानी गेट चौक में शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की आदमकद प्रतिमा का विधायक स.रणबीर सिंह भुल्लर द्वारा उद्घाटन किया गया। मालूम हो कि उद्घाटन के अवसर पर शहीद-ए-आजम स.भगत सिंह के जन्मदिवस पर उन्हें नमन करते हुए विधायक रणबीर भुल्लर ने कहा कि देश की आजादी के लिए अपनी जवानी कुर्बान करने वाले हमारे महान शहीदों की कुर्बानियां हमारे लिए सदा प्रेरणा स्रोत हैं। उनके सपनों का रंगला और



विधायक रणबीर भुल्लर शहीद-ए-आजम स.भगत सिंह की आदमकद प्रतिमा का उद्घाटन करते हुए।

खुशहाल पंजाब सृजने के लिए पंजाब सरकार और हम पूरी तन्मयता से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स.भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पूरे प्रदेश में लगातार विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि फिरोजपुर शहर के सौंदीयकरण और विकास की यह कड़ी निरंतर जारी रहेगी और शहर को सुंदर बनाया जाएगा, इसी के तहत शहर के अंदर लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

आत्मा योजना के तहत मशरूम की खेती संबंधी 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : मुख्य कृषि अधिकारी, अमृतसर, सरदार अमरजीत सिंह दोसांझ के योग्य नेतृत्व में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आत्मा (ञ्झक्र) योजना के तहत किसान प्रशिक्षण केंद्र, खालसा कॉलेज, अमृतसर में मशरूम की खेती संबंधी 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में प्रगतिशील किसानों, युवाओं और महिला किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य कृषि अधिकारी सरदार अमरजीत सिंह दोसांझ ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ सहायक कृषि व्यवसायों से जोड़ना तथा उनकी नियमित आय में वृद्धि करना है। उन्होंने कहा कि मशरूम की खेती एक लाभदायक



सहायक व्यवसाय है, जिसे अपनाकर किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. जसविंदर सिंह, कृषि सूचना अधिकारी, खालसा कॉलेज ने मशरूम की खेती के लिए कंपोस्ट तैयार करने, विभिन्न किस्मों के चयन और बिजाई के अलावा पराली मशरूम तथा ढींगरी (ऑयस्टर मशरूम) की खेती संबंधी विस्तृत जानकारी दी। उप निदेशक बागवानी, तरनतारन, सरदार तेजिंदर सिंह ने किसानों को बागवानी विभाग के अधीन चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। इसी प्रकार, सुखचैन सिंह, उप निदेशक कृषि ने आत्मा योजना के तहत किसानों को मिलने वाली सुविधाओं तथा विभागीय गतिविधियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की। जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, सरदार मनजीत सिंह ने कृषि से संबंधित सहायक व्यवसायों को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य कृषि अधिकारी, अमृतसर, सरदार अमरजीत सिंह दोसांझ ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर सुखचैन सिंह, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, आत्मा; हरजीक सिंह, उप प्रोजेक्ट डायरेक्टर, आत्मा तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 28-09-2026 16:06 Page 1

आवाज भारती फिल्मी तड़का

मौनी रॉय: नागिन से बॉलीवुड की ग्लैमर क्वीन तक का सफर

मनाएंगी 40वां जन्मदिन



टीवी और अब बॉलीवुड की दुनिया में धमाल मचा रही अभिनेत्री मौनी रॉय को यूं तो कई रोल्स के लिए जाना जाता है। जहां उन्होंने करियर की शुरुआत में 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में कृष्णा तुलसी का किरदार निभाया, तो 'देवों के देव... महादेव' में सती बनकर लोगों के बीच पहचान बनाई, लेकिन असली लोकप्रियता उन्हें 'नागिन' सीरियल से मिली। वह नागिन के किरदार से घर-घर में पहचानी जाने लगीं। जिस अभिनेत्री ने नागिन बनकर लोगों के मन में एक खौफ पैदा किया, वो असल जिंदगी में खुद नागों से डरती हैं। सांपों के प्रति उनका डर बचपन से ही है और इसका खुलासा उन्होंने फराह खान के यूट्यूब व्लॉग में किया। दरअसल, हाल ही में फराह खान अपने कुक दिलीप के साथ मौनी रॉय के नए घर गई थीं। वहीं दोनों के बीच खूब सारी बातें हुई। बातचीत के दौरान मौनी ने बताया कि वह बचपन से ही सांपों से बहुत डरती हैं। उन्होंने कहा, 卐लोग सोचते हैं कि मैंने नागिन का रोल किया है तो मुझे सांपों से प्यार होगा, लेकिन सच इसके बिल्कुल उल्टा है। मुझे सांपों से बहुत डर लगता है।卐

मौनी ने सीरियल 'नागिन' के दिनों को याद करते हुए बताया कि शूट के दौरान उन्हें असली सांपों के साथ नहीं, बल्कि वीएफएक्स और डमी सांपों के साथ शूट करना पड़ता था। फिर भी जब भी उन्हें सांप जैसा कुछ भी दिखता था तो वह घबरा जाती थीं। उन्होंने मजाक में कहा कि सेट पर लोग उन्हें चिढ़ाते भी थे कि खुद नागिन हैं और सांप से ही डर रही है। 28 सितंबर 1985 को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में जन्मी मौनी ने 'नागिन' से पहले और बाद में कई यादगार किरदार निभाए हैं। 'गोल्ड', 'मेड इन चाइना' और 'ब्रह्मास्त्र' में जूनून के किरदार ने उन्हें बॉलीवुड में एक अलग पहचान दिलाई। 28 सितंबर को मौनी 40 साल की हो गई है । उनका यह डर वाला किस्सा सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस कमेंट कर रहे हैं कि यह जानकर हैरानी हुई कि ऑन-स्क्रीन सबसे खतरनाक नागिन ऑफ-स्क्रीन इतनी डरपोक है। फराह खान के इस व्लॉग के बाद मौनी एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं और उनका क्यूट डर फैंस को काफी पसंद आ रहा है। मौनी को पहला बड़ा ब्रेक 2007 में एकता कपूर के सुपरहिट शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से मिला, जिसमें उन्होंने कृष्णा तुलसी का किरदार निभाया। इसके बाद उन्होंने 'कस्तूरी', 'देवों के देव...महादेव' जैसे शोज किए। 'महादेव' में सती के किरदार ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। लेकिन असली स्टारडम उन्हें 2015 में आई एकता कपूर की ही सीरीज 'नागिन' से मिला। शिवन्या और शिवांगी के डबल रोल में मौनी ने टीआरपी के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। 'नागिन' और 'नागिन 2' ने उन्हें टेलीविजन की सबसे महंगी और सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में शुमार कर दिया। टीवी पर सफलता के बाद मौनी ने बड़े पर्दे का रुख किया। 2018 में अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'गोल्ड' से उन्होंने बॉलीवुड डेब्यू किया। फिल्म हिट रही और मौनी की एक्टिंग को सराहा गया। इसके बाद वह 'मेड इन चाइना', 'रॉ', और आयान मुखर्जी की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में जूनून के नेगेटिव किरदार में नजर आईं, जिसने उन्हें एक अलग पहचान दी।

अमिताभ बच्चन ने अभिषेक संग रिश्ते पर कही बात

बोले- विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिषेक बच्चन का रिश्ता हमेशा से ही लोगों की दिलचस्पी का हिस्सा रहा है। दोनों ने फिल्मों में अपनी अलग पहचान बनाई है और कई बार एक-दूसरे के काम और सोच को लेकर खुलकर बात भी की है। अब अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर अभिषेक के साथ अपने रिश्ते को लेकर खास बातें लिखी है। उन्होंने कहा कि पिता और बेटे की सोच अलग हो सकती है, दोनों का चीजों को देखने का नजरिया अलग हो सकता है, लेकिन आखिर में उनकी मंजिल एक ही रहती है। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, 'पिता पुत्र दोनों रहे, एक मंच पर बैठें, विचार अलग-अलग हो चाहे, मंजिल के ही ऐंठे।' इस बात के जरिए उन्होंने कहा कि एक ही परिवार में होने के बावजूद दो पीढ़ियों की सोच हमेशा एक जैसी हो, यह जरूरी नहीं है। इसके बावजूद एक-दूसरे के लिए सम्मान और रिश्ते की अहमियत बनी रह सकती है। अमिताभ ने आगे लिखा, 'मैं नई पीढ़ी का हमेशा सम्मान करता हूं। विचार और रास्ते अलग होने के बावजूद मंजिल एक ही रहती है। हर रास्ते का मकसद एक ऐसी मंजिल तक पहुंचना होना चाहिए, जो सभी के लिए फायदेमंद हो। ' उन्होंने अपने और अभिषेक के रिश्ते को लेकर लिखा, 'यह रिश्ता एक-दूसरे को जानने, समझने, खोजने और ऐसी मंजिल तय करने का रहा है, जो सभी के लिए बेहतर हो। प्यार और सम्मान को इस रिश्ते का अहम हिस्सा है। शुभचिंतकों का प्यार।' अमिताभ बच्चन फिलहाल टीवी के पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' को होस्ट कर रहे हैं। यह शो ब्रिटिश फॉर्मेट 'हू वॉन्ट्स टू बी अ मिलियनेयर?' का ऑफिशियल हिंदी वर्जन है। शो में कंटेस्टेंट्स से कई सवाल पूछे जाते हैं और उन्हें चार विकल्पों में से सही जवाब चुनना होता है। जवाब न पता होने पर कंटेस्टेंट्स को लाइफलाइन भी दी जाती हैं।

अभिनय की बारीकियां सीखने में सीनियर्स ने की मदद : दिव्या दत्ता

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'लास्ट मैन इन टावर' को मिल रही अच्छी प्रतिक्रिया के बीच अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने अभिनय के तकनीकी पहलुओं के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि करियर के शुरुआती दिनों में अभिनय की तकनीकी बारीकियां सीखने में उनके सीनियर्स ने उनकी काफी मदद की थी। फिल्म के प्रमोशन के दौरान दिव्या दत्ता ने अपने को-एक्टर मनोज बाजपेयी और निर्देशक बेन रेखी के साथ मुंबई में आईएएनएस से बातचीत की। दिव्या दत्ता ने आईएएनएस से कहा, 'सबसे पहले, जहां तक मेरे लिए तकनीकी पहलुओं की बात है, अगर मुझे अपनी बुनियादी चीजें पता हैं, मैं अपना डायलॉग ठीक से बोल रही हूं और वह स्क्रीन पर सही तरीके से नजर आ रहा है, तो मेरे लिए इतना काफी है। एक समय ऐसा भी था, जब मुझे इन चीजों की जानकारी नहीं थी। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ कर रही थी, लेकिन स्क्रीन पर सही तरीके से नजर नहीं आ रही थी। उस समय मेरे सीनियर्स ने मेरा हाथ थामा और मुझसे कहा, 'सुनो, तुम अच्छा कर रही हो, लेकिन स्क्रीन पर सही तरीके से नजर नहीं आ रही हो।' इस मामले में मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'समय के साथ आप ये चीजें सीखते हैं। वे यह भी कहते हैं कि पहले अपनी लाइनें अच्छे से तैयार कर लो, तकनीकी चीजों को समझ लो और उसके बाद बस उस पल में पूरी तरह शामिल हो जाओ। उस पल का जादू अपने आप होने दो। अगर मैं अपने को-एक्टर की आंखों में देख रही हूं, तो शायद हर टेक अलग होगा। हर टेक में जब मैं उनकी आंखों में देखूंगी तो उससे एक अलग भावना पैदा हो सकती है।' दिव्या ने आगे कहा, 'वह भावना कभी ऊपर जा सकती है और कभी नीचे। कई बार यह आपको हैरान भी कर देती है। इसलिए आपको उसे स्वाभाविक रूप से होने देना चाहिए। अगर आप बहुत ज्यादा बंध जाते हैं और सोचते हैं कि 'नहीं, नहीं, यही सीमा है और मुझे इसी नोट पर परफॉर्म करना है', तो आपका अभिनय बहुत सीमित हो जाता है। आपको बस अपने अभिनय को स्वाभाविक रूप से बहने देना चाहिए।' इस बीच, 'लास्ट मैन इन टावर' अरविंद अडिगा के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। फिल्म की कहानी तेजी से बदलते मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में मनोज बाजपेयी एक रिटायर्ड स्कूल टीचर और विधुर की भूमिका निभा रहे हैं, जो एक पुरानी अपार्टमेंट बिल्डिंग में रहते हैं। जब एक अमीर डेवलपर वहां के निवासियों को इमारत बेचने के बदले बड़ी रकम की पेशकश करता है, ताकि उसकी जगह एक लग्जरी टावर बनाया जा सके, तो ज्यादातर लोग पैसे के लालच में इस प्रस्ताव के लिए तैयार हो जाते हैं हालांकि, मनोज बाजपेयी का किरदार वहां से जाने से इनकार कर देता है और इस तरह वह पुनर्विकास योजना के रास्ते में अकेली बड़ी बाधा बन जाता है। फिल्म 'लास्ट मैन इन टावर' फिलहाल सिनेमाघरों में चल रही है।



लता मंगेशकर की जयंती पर बॉलीवुड ने दी श्रद्धांजलि, जैकी श्रॉफ बोले-आप हमारे दिलों में हमेशा रहेंगी

महान गायिका लता मंगेशकर की जयंती पर सोमवार को अभिनेता जैकी श्रॉफ और गायक नितिन मुकेश ने श्रद्धांजलि दी। गायक नितिन मुकेश ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर गायिका लता मंगेशकर की तस्वीर पोस्ट की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, हर पल मैं आपको सामने से सुनने के लिए तरसता हूं। जब तक हम फिर से नहीं मिलते, तब तक भगवान भी आपके संगीत का आनंद लें। अभिनेता जैकी श्रॉफ ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर लता मंगेशकर की तस्वीर पोस्ट कर लिखा, लता जी आप हमारे दिलों में हमेशा रहेंगी। गायक रूप कुमार राठौड़ ने लता मंगेशकर की जयंती पर इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने उनकी आवाज को सिर्फ संगीत नहीं, बल्कि कई पीढ़ियों के लिए एक एहसास बताया। एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए रूप कुमार राठौड़ ने लिखा, भारत रत्न लता मंगेशकर जी को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं। उनकी आवाज सिर्फ संगीत से बढ़कर थी। यह एक ऐसा एहसास था जिसने पीढ़ियों को छुआ और जो आज भी लाखों दिलों में जिंदा है। एक ऐसी कालजयी लीजेंड, जिनकी आवाज हमेशा भारत की आत्मा का हिस्सा रहेगी। सितारों में आपको जन्मदिन की शुभकामनाएं, लता जी। आपकी आवाज हमेशा जिंदा रहेगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने भी उन्हें जयंती पर श्रद्धांजलि दी और असम के महान गायक-संगीतकार डॉ. भूपेन हजारिका के साथ उनके पुराने संगीत के रिश्ते को याद किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सीएम सरमा ने असमिया संगीत में लता मंगेशकर के योगदान को याद करते हुए लिखा, महान लता मंगेशकर जी को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं। उनका पहला असमिया गाना जोनाकोरे राती, असोमिरे माटी, जिसे डॉ. भूपेन हजारिका ने 1956 में फिल्म एरा बाटोर सुर के लिए कंपोज किया था, असम की संगीत यादों का एक अहम हिस्सा बन गया। दोनों के बीच यह शानदार संगीत का बंधन कई दशकों तक चला। जैसा कि लता जी ने एक बार कहा था कि आई शब्द में कुछ बहुत खूबसूरत है। मराठी और असमिया दोनों में इसका मतलब मां होता है। प्यार का एक ऐसा भाव जो दो संस्कृतियों को खूबसूरती से जोड़ता है। गायक कुमार सानु ने लता मंगेश्कर की जयंती पर उन्हें याद करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, लता दीदीज आपकी आवाज ने हर दिल को छुआ और भावनाओं को शब्दों से परे एक मतलब दिया। मैं खुद को खुशनसीब मानता हूं कि मैं आपको सुनते हुए बड़ा हुआ, आपसे सीखा और आपके साथ गाने का सम्मान हासिल किया। आपके साथ एक ही दौर में रहना और आपके साथ गानों में अपनी आवाज दे पाना, एक ऐसी याद है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। आपकी सादगी, पवित्रता और आपका संगीत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। आप भले ही अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन आपकी आवाज हमारे दिलों में और हमारे गाए हर सुर में हमेशा जिंदा रहेगी।



CMYK

page 7_Layout 1 28-09-2026 16:29 Page 1

हिमाचल में कुदरत का खौफनाक मंजर

शिमला के रोहड़ू में 100 फीट से ऊंचा पहाड़ ढहा

सुंदरू नदी का बहाव रुका, 5 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट

डेली आवाज भारती



शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में सोमवार सुबह एक बड़ा और भयावह भूस्खलन (Landslide) सामने आया है। रोहड़ू के छोहारा ब्लॉक अंतर्गत 'जंगलिख पुल' के पास 100 फीट से भी ज्यादा ऊंचा पहाड़ देखते ही देखते ताश के पत्तों की तरह ढह गया। करीब 25 से 26 सेकेंड तक लगातार मलबा नीचे गिरता रहा, जिससे पूरे इलाके में धूल का गुबार छा गया। इस घटना का एक दिल दहला देने वाला वीडियो भी सामने आया है। पहाड़ का विशाल मलबा सीधे मुख्य मार्ग पर आ गिरने से संबंधित गांवों का संपर्क पूरी तरह कट गया है। भूस्खलन के अत्यधिक मलबे के कारण पास से बहने वाली सुंदरू नदी (खड्ड) का प्राकृतिक बहाव भी कुछ समय के लिए थम गया, जिससे निचले इलाकों में जलभराव और खतरे की आशंका पैदा हो गई है। प्रशासनिक और राहत दल मलबे को हटाकर मार्ग बहाल करने तथा नदी का प्रवाह सामान्य करने के प्रयास में जुटे हैं।

मौसम विभाग की चेतावनी: 5 जिलों में ऑरेंज तो 5 में यलो अलर्ट

मौसम विज्ञान केंद्र (ढ्डस्ठ) ने प्रदेश के कई हिस्सों में खराब मौसम को लेकर चेतावनी जारी की है- ऑरेंज अलर्ट (Orange Alert): चंबा, कांगड़ा, ऊना, सोलन और सिरमौर जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी कर नागरिकों को नदी-नालों से दूर रहने की हिदायत दी गई है।

यलो अलर्ट (Yellow Alert): राजधानी शिमला, मंडी, कुल्लू, हमीरपुर और बिलासपुर जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी- किन्नौर और लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी की संभावना जताई गई है। पहाड़ों में बढ़ी ठिठुरन- कल्पा का पारा सामान्य से 12.1एष्ट नीचे लुढ़का बीते दो दिनों से लगातार जारी बारिश और बर्फबारी के कारण समूचे प्रदेश में समय से पहले ही कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में हंगामा

भाजपा ने स्पीकर अब्दुल रहीम को हटाने के लिए दिया अविश्वास नोटिस

डेली आवाज भारती



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा की कार्यवाही के दौरान भाजपा ने स्पीकर अब्दुल रहीम राथर को उनके पद से हटाने के लिए एक नोटिस पेश करने की बात कही। उधमपुर ईस्ट से भाजपा विधायक आर.एस. पठानिया ने स्पीकर को बताया कि भाजपा ने उन्हें पद से हटाने के लिए नोटिस दिया है। पठानिया ने सदन में स्पीकर को जानकारी दी कि पार्टी ने स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव लाने के लिए संबंधित नियमों के तहत एक नोटिस सौंपा है। हालांकि, स्पीकर ने कहा कि उन्हें हटाने के लिए दिए गए नोटिस को सदन की प्रक्रिया के अनुसार वोटिंग के लिए लिस्ट करना होगा, और 'प्रश्न काल' के दौरान इस पर विचार नहीं किया जा सकता। इससे भाजपा विधायक नाराज हो गए और सदन के बीचों-बीच (वेल में) आकर नारेबाजी करने लगे। हालांकि, स्पीकर ने %प्रश्न काल% जारी रखने का फैसला किया, क्योंकि एनसी और कांग्रेस विधायकों ने सवाल पूछे, जिनका जवाब स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री सकीना इटू और ग्रामीण विकास मंत्री जावेद राणा ने दिया। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने सदन में एक छोटा भाषण दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करने के प्रस्ताव में एनसी द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा देश के संविधान की भावना के खिलाफ है और इसलिए भाजपा को मंजूर नहीं है। सुनील शर्मा ने साफ किया कि भाजपा जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने पर बहस के लिए तैयार है, लेकिन अनुच्छेद 370, स्वायत्तता या 1953 से पहले की स्थिति पर किसी भी चर्चा का विरोध करेगी। शर्मा की ये बातें मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के राज्य का दर्जा बहाल करने वाले प्रस्ताव को लेकर चल रहे राजनीतिक टकराव के बीच आई हैं। इस प्रस्ताव में विधानसभा के पुराने प्रस्तावों, जिसमें 2000 का स्वायत्तता प्रस्ताव भी शामिल है, का जिक्र किया गया है। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले बोलते हुए, शर्मा ने सवाल किया कि राज्य का दर्जा बहाल करने वाले प्रस्ताव में 2000 के प्रस्ताव का जिक्र क्यों किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले ही स्वायत्तता प्रस्ताव को खारिज कर दिया था और वह अनुच्छेद 370 या स्वायत्तता से जुड़े मुद्दों पर दोबारा चर्चा नहीं होने देगी। शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अपनी हालिया मुलाकात का भी जिक्र किया। खबरों के मुताबिक, इस बैठक में जम्मू-कश्मीर से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें विधानसभा का मौजूदा सत्र भी शामिल था।

रोहित पवार ने किसानों के लिए तुरंत मदद की मांग की, कहा-'1972 के ऐतिहासिक सूखे से भी बदतर हालात'

डेली आवाज भारती



मुंबई। महाराष्ट्र सरकार पर कड़ा हमला करते हुए एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार ने सोमवार को प्रशासन पर आरोप लगाया कि वह राज्य में फैली भयानक सूखे की स्थिति से आंखें मूंदे हुए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में फसल के नुकसान के विस्तृत आंकड़े पेश करते हुए, उन्होंने दावा किया कि राज्य को 77,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का भारी कृषि नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि खेती-बाड़ी की मौजूदा बदहाली और बारिश की भारी कमी ने ग्रामीण महाराष्ट्र को '1972 के ऐतिहासिक सूखे से भी बदतर' संकट में धकेल दिया है। रोहित पवार ने बताया कि कैसे मानसून के अनियमित पैटर्न और उस पर 'अल नीनो' के असर ने रिकवरी की उम्मीदों को तोड़ दिया जबकि जुलाई में हुई भारी बारिश ने राज्य प्रशासन को बेफिक्र कर दिया था। कुल बारिश 783.6 मिमी दर्ज की गई जो कुल मिलाकर 20.50 प्रतिशत की कमी दिखाती है। क्षेत्रवार कमी की बात करें तो नासिक डिवीजन में 34.30 प्रतिशत, नागपुर डिवीजन में 25 प्रतिशत और कोंकण डिवीजन में 9.80 प्रतिशत कमी दर्ज की गई। रोहित पवार के अनुसार, किसानों ने बुवाई पर 95,500 करोड़ रुपए खर्च किए थे, जिससे 1,28,866 करोड़ रुपए की पैदावार की उम्मीद थी। इसके बजाय, सोयाबीन, कपास, अरहर (तुअर) और मक्का जैसी मुख्य खरीफ फसलों के बड़े पैमाने पर बर्बाद होने से वह सारा निवेश डूब गया। पवार ने कहा, मेरे अपने निर्वाचन क्षेत्र कर्जत-जामखेड़ में ही बारिश सामान्य की तुलना में 40 प्रतिशत हुई है यानी 60 प्रतिशत की भारी कमी। किसान अपनी खेती की बुनियादी लागत भी वसूल नहीं पाए हैं। उनकी कमर टूट गई है। सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच अंतर को उजागर करने के लिए रोहित पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जालना के एक प्रभावित किसान को लाइव वीडियो कॉल किया। किसान ने बताया कि प्रीमियम भरने के बावजूद फसल बीमा का पैसा देने से पूरी तरह इनकार कर दिया गया। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि योजना बंद हो गई है। किसान ने यह भी कहा कि फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए राज्य के किसी सर्वेक्षक या कृषि अधिकारी ने खेतों का दौरा नहीं किया। रोहित पवार ने राज्य में फसल बीमा लागू करने के तरीके की कड़ी आलोचना की। उन्होंने बताया कि जहां किसानों, राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने मिलकर निजी कंपनियों को बीमा प्रीमियम के तौर पर 2,394 करोड़ रुपए दिए, वहीं किसानों को मुआवजे के रूप में बमुश्किल 1,938 करोड़ रुपए मिले यानी बीमा कंपनियों ने मुनाफा कमाया जबकि किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। सरकार की राहत योजनाओं को सतही बताते हुए, पवार ने राज्य के उपायों का बिंदु-वार विश्लेषण किया। उन्होंने राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) से प्रति हेक्टेयर 8,500 रुपए (अधिकतम 17,000 रुपए) की सहायता को 'किसानों का अपमान' बताया, जबकि उत्पादन लागत 50,000 से 60,000 रुपए प्रति एकड़ तक पहुंच जाती है; उन्होंने प्रति हेक्टेयर कम से कम 50,000 रुपए की एकमुश्त राहत की मांग की। उन्होंने जमीन के लगान को माफ करने को एक दिखावा बताया, जिससे हर किसान को केवल 400 से 500 रुपए का मामूली फायदा होता है। उन्होंने सूखे से प्रभावित जिलों में कॉलेज की ट्यूशन फीस पूरी तरह माफ करने की मांग की, राज्य द्वारा फीस में छूट के लिए आवंटित 30 करोड़ रुपए को अपर्याप्त बताते हुए और भूमिहीन खेतिहर मजदूरों के परिवारों के लिए 25,000 रुपए की सीधी नकद सहायता की मांग की। उन्होंने महाराष्ट्र राज्य विधानसभा का एक विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की जैसा कि पड़ोसी राज्य कर्नाटक ने किया था ताकि सूखे से जुड़ी राहत पर विशेष रूप से चर्चा हो सके, कीटनाशकों की आसमान छूती कीमतों की जांच हो सके, किसानों को बेचे गए घटिया बीजों के बारे में दर्ज 17,000 से ज्यादा शिकायतों की जांच हो सके।

पटना में विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन; डाकबंगला पर पुलिस से झड़प, वाटर कैनन चलाया, कई हिरासत में

डेली आवाज भारती



पटना। बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर अलग-अलग संगठनों और छात्रों के प्रदर्शन के कारण कई इलाकों में जमकर बवाल हुआ। गांधी मैदान से निकले प्रदर्शनकारियों ने जेपी गोलंबर होते हुए डाकबंगला चौराहे तक मार्च किया। डाकबंगला चौराहे पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की, जिसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग भी किया और कई महिला एवं पुरुष प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। वामपंथी संगठनों की ओर से मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे समेत विभिन्न मांगों को लेकर गांधी मैदान से प्रदर्शन शुरू किया गया। प्रदर्शनकारी गांधी मैदान से जेपी गोलंबर होते हुए डाकबंगला चौराहे की ओर बढ़े। जेपी गोलंबर के पास पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी आगे बढ़ते रहे। इसके बाद डाकबंगला चौराहे पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। इसी दौरान मेडिकल और नर्सिंग छात्रों ने भी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गांधी मैदान से मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च निकाला। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव भी छात्रों के समर्थन में प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने गांधी मैदान के गेट नंबर-10 से छात्रों के साथ पैदल मार्च किया। प्रदर्शनकारी छात्र डाकबंगला चौराहे की ओर बढ़े, जहां पहले से भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। मार्च के दौरान पप्पू यादव ने बिहार सरकार पर छात्र विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लगातार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

आईआईटी बॉम्बे छात्र साहिल वाकोडे मौत मामले में परिजनों ने की भूख हड़ताल, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

डेली आवाज भारती



मुंबई। मुंबई के आजाद मैदान में आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे के माता-पिता ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। साहिल की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर उसके माता-पिता रवींद्र और सोनाली वाकोडे विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। परिवार की मुख्य मांग है कि एफआईआर में जिन लोगों के नाम हैं, उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। साहिल के पिता रवींद्र वाकोडे ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा, जिन लोगों का नाम एफआईआर में है उन्हें गिरफ्तार किया जाए। जब तक मेरी यह मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी। जांच सही तरीके से हो रही है, लेकिन मेरी मांग है कि पुलिस जल्द से जल्द सबूत इकट्ठा कर आरोपियों को गिरफ्तार करे।÷ उन्होंने यह भी कहा कि परिवार ने क्राइम ब्रांच को पूछताछ के दौरान अपना बयान दर्ज करा दिया है और जांच में सहयोग के लिए जरूरी जानकारी भी दी है। परिवार को क्राइम ब्रांच की जांच पर भरोसा है, लेकिन वे चाहते हैं कि कार्रवाई में तेजी लाई जाए। वहीं साहिल की मां सोनाली वाकोडे ने न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने कहा, आरोपियों को जल्दी से जल्दी अरेस्ट किया जाए, यही हमारी मांग है। मेरे बच्चे के लिए मुझे न्याय चाहिए। परिवार का प्रतिनिधित्व कर रहे एडवोकेट निखिल कांबले ने कहा, साहिल का परिवार आजाद मैदान में भूख हड़ताल पर बैठा है। उनकी एक ही मांग है कि एफआईआर में जिनके नाम हैं, उनको अरेस्ट किया जाना चाहिए। जांच की प्रगति को लेकर वकील ने कहा कि इस मामले की जांच फिलहाल क्राइम ब्रांच कर रही है और जांच की स्थिति के बारे में वही बेहतर जानकारी दे सकती है। उन्होंने कहा, ÷हमें उम्मीद है कि क्राइम ब्रांच ठीक तरीके से जांच कर रही है। जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन की अनुमति को लेकर एडवोकेट कांबले ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश और महाराष्ट्र सरकार के जीआर के अनुसार, विरोध प्रदर्शन के लिए रोजाना अनुमति के लिए आवेदन करना होता है।

'योगी सरकार में आजादी के बाद सबसे ज्यादा काम गोरखपुर में हुआ', भाजपा विधायक का दावा

गोंडा। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। गोरखपुर में हुए जलभराव को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव के तंज पर भाजपा विधायक पलटू राम ने पलटवार किया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल की सराहना करते हुए दावा किया कि योगी सरकार के कार्यकाल में गोरखपुर में जितना विकास कार्य हुआ है, उतना आजादी के बाद किसी भी सरकार के कार्यकाल में नहीं हुआ। गोरखपुर में भारी बरसात के बीच जलभराव होने से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अखिलेश यादव ने गोरखपुर में जलभराव को लेकर तंज कसते हुए कहा था कि अगर सैफई से ही प्रेरणा ली होती तो गोरखपुर भी मॉडल बन गया होता।

कर्नाटक : सूखा राहत पर सियासत गरमाई, सीएम शिवकुमार बोले- दिल्ली जाने वाले दल में भाजपा नहीं आई तो खुलेगा दोहरा चरित्र

डेली आवाज भारती



बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने सोमवार को दावा किया कि अगर भाजपा नेता केंद्र से सूखे से राहत की मांग करने के लिए दिल्ली जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने से इनकार करते हैं, तो पार्टी का 'दोहरापन' उजागर हो जाएगा। सीएम शिवकुमार ने कहा, अगर भाजपा राज्य में सूखे की स्थिति पर केंद्र को ज्ञापन सौंपने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ नहीं आती है, तो यह साबित हो जाएगा कि उनका रुख सिर्फ एक ड्रामा है। अगर राज्य में भाजपा नेता केंद्र को मनाने में नाकाम रहते हैं, तो हम किसानों के हित में खुद जरूरी कदम उठाएंगे। बेंगलुरु में अपने आवास के पास मीडिया से बात करते हुए, सीएम शिवकुमार ने कहा कि अगर विपक्षी दल प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने से इनकार भी करते हैं, तो भी सरकार किसानों के हितों की अनदेखी नहीं करेगी। उन्होंने कहा, हम राज्य के किसानों के हितों की रक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेंगे। उनका रुख यह साफ करता है कि उन्हें राज्य के किसानों की कोई परवाह नहीं है। जो लोग किसानों के लिए 25,000 या 50,000 रुपये के मुआवजे की मांग कर रहे हैं, उन्हें केंद्र से भी बात करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह मुआवजा दे। सीएम शिवकुमार ने कहा कि सूखे की स्थिति का जायजा लेने के लिए एक केंद्रीय टीम 3 अक्टूबर को कर्नाटक का दौरा करेगी। उन्होंने कहा, हमारे अधिकारी कानून के दायरे में रहते हुए टीम को पूरा सहयोग देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कस्तूरीरंगन रिपोर्ट और राज्य में सूखे की स्थिति पर चर्चा के लिए जल्द ही सर्वदलीय बैठक की तारीख तय की जाएगी। सीएम शिवकुमार ने कहा, ÷मैं बैठक की तारीख तय करूंगा। इस बीच, मैं कुछ केंद्रीय मंत्रियों से मिलूंगा और सीडब्ल्यूसी की बैठक में भाग लूंगा, जहां एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जरूरत है। इन मुद्दों पर चर्चा हो रही है। कस्तूरीरंगन रिपोर्ट पर उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को भी केंद्र के सामने उठाया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं कस्तूरीरंगन मुद्दे पर चर्चा के लिए केंद्रीय मंत्रियों और प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगूंगा। समय मिलने के बाद, मैं कर्नाटक की ओर से जरूरी ज्ञापन सौंपूंगा।÷ इससे पहले, सीएम शिवकुमार ने घोषणा की थी कि उन्होंने राज्य के अहम मुद्दों, जिनमें केंद्र से सूखा राहत और कस्तूरीरंगन रिपोर्ट शामिल हैं, पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक तय की है। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब विपक्षी नेताओं ने नई दिल्ली जाने वाले प्रस्तावित सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने से इनकार कर दिया है।

कोलकाता में दुर्गा पूजा क्लब पर हमला, भाजपा और टीएमसी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू

डेली आवाज भारती



कोलकाता। दक्षिण कोलकाता के हरिदेवपुर में रविवार देर रात दुर्गा पूजा की एक प्रमुख समिति के दो गुटों के बीच हुई झड़प में कुछ लोग घायल हो गए। क्लब के सदस्यों का आरोप है कि इस हमले के पीछे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता थे। पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार आधी रात के करीब कुछ उपद्रवी कथित तौर पर अजेय संगति क्लब के परिसर में घुस आए और कुछ सदस्यों के साथ मारपीट की। क्लब के सदस्यों का आरोप है कि हमलावरों ने परिसर में तोड़फोड़ की और सीसीटीवी ड्राइव्स अपने साथ ले गए। घायलों में से एक क्लब के सदस्य अरिजीत नंदी के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई और उनके सिर में चोट आई। हमले के बाद नंदी और अन्य लोग खून से लथपथ हालत में स्थानीय पार्षद रत्ना सुर के घर पहुंचे और वहां शरण ली। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। नंदी ने कहा कि यह हमला राजनीति से जुड़ा नहीं था और आरोप लगाया कि बाहरी लोग क्लब पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा, ÷हमने जो क्लब बनाया है, उस पर किसी राजनीतिक वजह से हमला नहीं हुआ। हमने धीरे-धीरे पूजा क्लब को बड़ा किया। अब कुछ बाहरी लोग क्लब पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने परिसर में तोड़फोड़ की और सभी सीसीटीवी ड्राइव्स ले गए हैं।÷ नंदी ने कहा कि उन्हें अपनी चोटों की तुलना में क्लब के भविष्य और उसके दुर्गा पूजा समारोहों की अधिक चिंता थी। वहीं, पार्षद रत्ना सुर ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया और घटना के पीछे राजनीतिक मकसद होने की बात कही। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने हरिदेवपुर पुलिस स्टेशन के इंचार्ज को कई बार फोन किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

मेरे पास पीएम मोदी को धन्यवाद देने के लिए शब्द नहीं हैं, युवाओं का ध्यान नशे से हटाकर खेलों की तरफ मोड़ना मकसद : राजिंदर सिंह

डेली आवाज भारती



मोहाली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के 138वें एपिसोड में पंजाब में युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने में निरंतर योगदान देने के लिए पूर्व हॉकी खिलाड़ी राजिंदर सिंह की जमकर तारीफ की। उनसे मिली सराहना पर बात करते हुए राजिंदर ने कहा कि उनके पास प्रधानमंत्री को धन्यवाद देने के लिए शब्द नहीं हैं। राजिंदर ने 'आईएएनएस' के साथ खास बातचीत करते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने रविवार को 'मन की बात' में जो हॉकी और राउंड ग्लास के बारे में बात की है कि हम ग्रास रूट पर काम कर रहे हैं। मैं उसके लिए उन्हें बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरे पास उन्हें धन्यवाद देने के लिए शब्द नहीं हैं। मैं हॉकी से 40 से 50 साल से जुड़ा हुआ हूं। मैंने बतौर खिलाड़ी ओलंपिक में गोल्ड मेडल लिया। मुझे सरकार ने बहुत सत्कार दिया और मुझे अर्जुन पुरस्कार मिला। उन्होंने आगे कहा, बतौर कोच मेरी उपलब्धियां जैसे पीएम मोदी ने बताया कि मेरी टीम जूनियर विश्व कप और एशिया कप में मेडल लेकर आई, जिसके लिए मुझे द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला। हम लोगों ने जो पंजाब में यहां काम शुरू किया है। हमारे सीईओ गुरप्रीत सिंह जी का रोडमैप है कि पंजाब में अभी गांव में जाकर बच्चों को तराशो और उनको अकादमी में रखो और उनकी जितनी हो सके मदद करो। उन बच्चों को देखो कि हॉकी कैसे सिखानी है। हमने पंजाब में 60 सेंटर खोले हुए हैं। इन सेंटरों में हमने कोच भी दिए हुए हैं। उनके एक्सपोजर के लिए हमने 2 एस्टोटर्फ भी लगाई हुई है, जो न्यू चंडीगढ़ में लगी हुई है। सभी टीमें यहां पर आती है, जो इंटर-एक डेवलपमेंट सेंटर या ग्रास रू सेंटर जो टूर्नामेंट होता है उसमें हिस्सा लेती हैं। यहां से हम खिलाड़ियों को तराशते हैं और उन्हें फिर स्टेप दर स्टेप आगे लेकर जाते हैं। राउंड ग्लास हॉकी अकादमी के बारे में बात करते हुए राजिंदर सिंह ने कहा, ÷राउंड ग्लास के पास जो टेक्निकल टीम है, उसमें हमारे पास वैज्ञानिक पेशेवर कोच हैं, जो बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। इस दौरान पिछले छह वर्षों में हमारे पास जो जूनियर खिलाड़ी आए हैं, जो नेशनल टीमों में भी खेले हैं। आगे आने वाले समय में कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो पंजाब की तरफ से तो खेलेंगे ही, इसके साथ ही भारत का भी प्रतिनिधित्व करेंगे। राजिंदर सिंह ने एशियन गेम्स 2026 के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं दोनों टीमों को बधाई देता हूं। सौभाग्य से हमारी पुरुष और महिला दोनों ही टीमें अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। मुझे उम्मीद है कि दोनों टीमें गोल्ड जीतकर आएंगी। महिला टीम ने हाल ही में हुए विश्व कप में काफी दमदार प्रदर्शन किया। एशियन गेम्स में अगर टीमें गोल्ड जीत जाती हैं, तो ओलंपिक में क्वालीफाई करने का रास्ता खुल जाता है।

पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि युवाओं को नशे और गलत आदतों से दूर रखने की कोशिश के साथ ही हम ज्यादा से ज्यादा सेंटर खोल रहे हैं, ताकि बच्चों का ध्यान खेलों की तरफ ज्यादा जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि राउंड ग्लास अकादमी के खिलाड़ी भविष्य में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

CMYK

page 8_Layout 1 28-09-2026 21:14 Page 1

पंजाब में शिवसेना नेता के भाई की बेडरुम में मिली लाश, परिवार ने जताई हत्या की आशंका

अस्पताल लेकर जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया

डेली आवाज भारती





जतिंदर शर्मा की फाइल फोटो।

पठानकोट। पठानकोट में शिवसेना हिंद कोर कमेटी के चेयरमैन रवि शर्मा के भाई जतिंदर शर्मा की घर में लाश मिली है। वह अपने बेड पर खून से लथपथ पड़े मिले थे। जिसके बाद उन्हें अस्पताल लेकर जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जतिंदर शर्मा के सिर और गले पर कई चोट के निशान भी मिले है। शिवसेना नेता रवि शर्मा ने भाई के हत्या की आशंका जताई है। हत्या की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। सब इंस्पेक्टर विजय कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। शिवसेना नेता रवि शर्मा ने भाई के हत्या की आशंका जताई है और ड्राइवर पर शक जताया है। उनका कहना है कि दोपहर करीब 2ः30 बजे कर्ण नाम के ड्राइवर को सबूतों के साथ पुलिस के हवाले किया था। हालांकि, रात करीब 7ः45 बजे उन्हें पता चला कि पुलिस ने उसे छोड़ दिया है। रवि शर्मा ने अपने भाई की हत्या की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जांच में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी कड़ा एक्शन लिया जाए। अगर हमें इंसाफ न मिला तो शिव सैनिकों के साथ पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

एक संदिग्ध हिरासत में, पूछताछ जारी

जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर विजय कुमार ने बताया कि एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विधायक शैरी कलसी की अगुवाई में बटाला में जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो, गुरदासपुर द्वारा लगाया गया रोजगार कैंप

विधायक शैरी कलसी ने मौके पर 15 उम्मीदवारों को बांटे ऑफर लेटर

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक अमनशेर सिंह शैरी कलसी की अगुवाई में आज जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो, गुरदासपुर द्वारा गांधी कैंप, बटाला में रोजगार कैंप लगाया गया। इस मौके पर माणिक मेहता, चेयरमैन मार्केट कमेटी, बटाला भी मौजूद थे।

इस मौके पर बातचीत करते हुए विधायक शैरी कलसी ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से गांधी कैंप में विशेष रोजगार कैंप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा युवाओं तक पहुंच बनाकर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं और इसी उद्देश्य के तहत आज यह विशेष कैंप आयोजित किया गया। इस मौके पर विधायक शैरी कलसी द्वारा 15 उम्मीदवारों को मौके पर ऑफर लेटर वितरित किए गए। साथ ही उन्होंने जिला रोजगार अधिकारी नरेश कुमार (पीसीएस) का विशेष रूप से धन्यवाद किया और उनकी पूरी टीम का भी आभार व्यक्त किया। इस रोजगार कैंप में एक्सिस बैंक, स्विफ्ट सिक्योरिटी, अमृतसर एसआईएस सिक्योरिटी, जगजीत सिक्योरिटीज, ई-कार्ट लॉजिस्टिक्स (डिलीवरी बॉय), एसबीआई लाइफ, वर्धमान मिल्स, लुधियाना, एलआईसी बटाला और श्री राम फाइनेंस, बटाला ने भाग लिया। कैंप में कुल 259 उम्मीदवारों ने भाग लिया, जिनमें से करीब 153 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया।इस मौके पर ब्यूरो की ओर से श्री गगन धालीवाल, प्रदीप कुमार, पवित्र रंधावा, गुरप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह और कुलविंदर सिंह मौजूद थे।

शहीद-ए-आज़म स.भगत सिंह के जन्मदिवस पर विशाल रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

डेली आवाज भारती



गुरुहरसहाय (अमनदीप गिरधर): शहीद-ए-आज़म स.भगत सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर मेरा परिवार वेलफेयर सोसायटी द्वारा सीएचसी अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माता साहिब कौर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी शिविर में हिस्सा लिया। शिविर में विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें बताया गया कि रक्तदान एक महान सामाजिक सेवा है तथा रक्त की एक इकाई आवश्यकता के समय किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में सहायक हो सकती है। विद्यार्थियों को मानवता, सेवा-भाव और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डा.वंदना धवन ने स्वयं रक्तदान कर विद्यार्थियों के सामने सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति संवेदनशीलता और जरूरतमंदों की सहायता करने की भावना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिविर में इंकलाब ज़िंदाबाद और खूनदान करो, जीवन बचाओ जैसे संदेशों के माध्यम से युवाओं एवं समाज को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों की इस सहभागिता ने उन्हें ना केवल रक्तदान के महत्व को समझने का अवसर दिया, बल्कि सेवा, मानवता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना से भी परिचित कराया।

'डिजिटल अरेस्ट' नाम की कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं, साइबर ठगों से ऐसे रहें सावधान

डेली आवाज भारती



तकनीकी के इस दौर में चोरों और जालसाजों ने पुराना पारंपरिक तरीका छोड़कर अब डिजिटल माध्यमों का दुरुपयोग करके आमजनों को लूटने के लिए नए-नए इनोवेटेड आइडिया ढूंढना शुरू कर दिया है। इसमें से एक तरीका डिजिटल अरेस्ट के तौर पर सामने आया है, जिसमें जालसाज ठग भोले-भाले लोगों के डर का फायदा उठाकर पैसों की ठगी कर लेते हैं। गृह मंत्रालय और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (ढ्ढ4ष्ट) भी डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ऐसी ठगी को लेकर लोगों को लगातार सचेत कर चुके हैं। डिजिटल अरेस्ट साइबर फ्रॉड का एक नया रूप है, जिसमें जालसाज ठग किसी पुलिस अधिकारी या जांच एजेंसी का नाम लेकर किसी आम मोबाइल फोन यूजर से डिजिटल माध्यमों से संपर्क करके उसे गिरफ्तारी, किसी बड़े क्रिमिनल केस, जैसे मनी लॉन्ड्रिंग, कस्टम या अन्य मामलों को लेकर डराता है, जिन मामलों से उस व्यक्ति का संपर्क कभी हुआ भी न हो। इसके बाद डर का फायदा उठाकर उक्त मामलों से छुटकारा दिलाने की एवज में रकम की मांग की जाती है। ढ्ढ4ष्ट के अनुसार ऐसे मामलों में जालसाज खुद को पुलिस, ष्टह्वह्लद्ध, श्वष्ठ, ऋह्वह्लद्ध या दूसरी जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को डराते हैं।

डरा हुआ व्यक्ति इस बात से भयभीत होकर अपने अकाउंट की जानकारी शेयर कर देता है या फिर जालसाज के बताए अकाउंट में राशि स्थानांतरित कर देता है। कई मामलों में जालसाज वीडियो कॉल पर लगातार जुड़े रहने का दबाव भी बनाते हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार इस तरह की ठगी में लोगों से फर्जी मामलों को खत्म करने के नाम पर पैसे की मांग की जाती है। पुलिस या जांच एजेंसियां किसी मामले की जांच के दौरान फोन या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से व्यक्ति से संपर्क कर सकती हैं, लेकिन केवल फोन या वीडियो कॉल के जरिए किसी व्यक्ति को ÷डिजिटल गिरफ्तार करना कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं है। श्वष्ठ ने भी स्पष्ट किया है कि वह डिजिटल या ऑनलाइन गिरफ्तारी नहीं करता और फर्जी श्वष्ठ अधिकारियों द्वारा लोगों को ठगने के मामलों को लेकर चेतावनी जारी कर चुका है। ऐसे किसी भी मामले में डरने की जरूरत नहीं, चूंकि जालसाज आपके डर को ही सबसे बड़ा हथियार बनाता है। कोई संदिग्ध कॉल आने पर बिना सत्यापन के अपनी निजी या वित्तीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए और किसी भी तरह की रकम ट्रांसफर नहीं करनी चाहिए। व्यक्ति संबंधित एजेंसी की आधिकारिक जानकारी से कॉल या नोटिस की पुष्टि कर सकता है। अगर ठगी का प्रयास हुआ है या पैसे ट्रांसफर हो गए हैं, तो तुरंत 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन या National Cyber Crime Reporting Portal पर शिकायत करनी चाहिए।

पंजाब में 49 पराली जलाने की घटनाएं दर्ज

10 मामलों में लगाया गया 50 हजार रुपये जुर्माना

डेली आवाज भारती



पटियाला। पंजाब में धान की पराली जलाने के मामलों को लेकर पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) की ओर से 27 सितंबर 2026 तक की निगरानी एवं कार्रवाई रिपोर्ट जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार राज्य में अब तक 49 पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें से 35 मामलों में फील्ड निरीक्षण किया गया, जबकि 14 स्थानों पर फसल अवशेष जलाने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक पराली जलाने के मामलों में अब तक 10 मामलों में पर्यावरणीय मुआवजा लगाया गया, जिसकी कुल राशि 50,000 रुपये है। इनमें से 10,000 रुपये की राशि वसूल की जा चुकी है। वहीं, एक मामले में बीएनएस की धारा 223 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है, जबकि 7 मामलों में रेड एंट्री दर्ज की गई है। अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई, चार्जशीट या निलंबन जैसी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हालांकि 4 मामलों में नोटिस, कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। फिरोजपुर में 5 स्थानों पर पराली जलाने की पुष्टि, 4 मामलों में जुर्माना 20,000 रुपये का जुर्माना, जिसमें 5,000 रुपये वसूले गए। 4 रेड एंट्री और 4 नोटिस दर्ज किए गए। तरनतारन में 8 मामले दर्ज हुए। 3 मामलों में पराली जलाने की पुष्टि, 3 मामलों में 15,000 रुपये जुर्माना, जबकि 3 रेड एंट्री दर्ज की गई हैं। अमृतसर में 28 मामले रिपोर्ट दर्ज हुए। 16 का निरीक्षण और 4 स्थानों पर पराली जलाने की पुष्टि, एक मामले में 5,000 रुपये जुर्माना लगाते हुए पूरी राशि वसूल की गई। पटियाला में एक मामला रिपोर्ट दर्ज हुआ।

32 बोर पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस समेत युवक गिरफ्तार

- सीआईए स्टाफ की कार्रवाई, थाना डिवीजन नंबर-5 में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज

डेली आवाज भारती



लुधियाना/रवीश कपूर : गैंगस्टरों और अवैध हथियार रखने वाले लोगों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लुधियाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को 32 बोर पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस कमिश्नर लुधियाना स्वप्न शर्मा, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में तथा हरपाल सिंह पीपीएस, डिप्टी कमिश्नर पुलिस (इन्वेस्टिगेशन), रुपिंदर कौर भट्टी पीपीएस, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर पुलिस (इन्वेस्टिगेशन) और हर्षप्रीत सिंह पीपीएस, एसीपी डिटेक्टिव-1 की अगुवाई में यह कार्रवाई की गई। अभियान के तहत इंस्पेक्टर अवतार सिंह, इंचार्ज सीआईए स्टाफ लुधियाना की पुलिस टीम ने आरोपी को काबू किया पुलिस के अनुसार, 26 सितंबर 2026 को सीआईए स्टाफ की टीम थाना डिवीजन नंबर-5 के क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान शक के आधार पर अनमोल पुत्र अशोक कुमार, निवासी मकान नंबर 614/36, गली नंबर-1, शाम नगर, थाना डिवीजन नंबर-5, लुधियाना, उम्र 24 वर्ष को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक 32 बोर पिस्टल और दो जिंदा 32 बोर कारतूस बरामद हुए। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ मुकदमा नंबर 281, दिनांक 26-09-2026, धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना डिवीजन नंबर-5, लुधियाना में दर्ज किया गया। पूछताछ के बाद आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

पंजाब पुलिस ने एलपीयू के हालात को प्रोफेशनल तरीके से संभाला, स्टूडेंट्स के साथ अपने बच्चों जैसा बर्ताव किया: बलतेज पन्नू

- एसआईटी पूरे तथ्य सामने लाएगी, लोगों को जांच के नतीजों से अवगत कराया जाएगा: बलतेज पन्नू

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज सिंह पन्नू ने सोमवार को कहा कि हालात लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में मामला बहुत संवेदनशील था क्योंकि इसमें पंजाब, दूसरे राज्यों और दूसरे देशों के स्टूडेंट्स शामिल थे। उन्होंने दावा किया कि पंजाब पुलिस ने स्थिति को बहुत संयम और पेशेवर तरीके से संभाला। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता पंजाब में पढ़ने वाले हर स्टूडेंट की सुरक्षा है और मामले की जांच के लिए बनाई गई एसआईटी को अपनी जांच पूरी करने और पूरे तथ्य सामने लाने देने चाहिए। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कहा, ÷पंजाब एक महत्वपूर्ण एजुकेशन हब बन गया है, जहाँ पूरे भारत और विदेश से स्टूडेंट्स पढ़ने आते हैं। जम्मू-कश्मीर से बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स, खासकर नर्सिंग और दूसरे कोर्स करने वाली लड़कियाँ, पंजाब की यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में पढ़ती हैं। उनकी सुरक्षा हमारे लिए बहुत ज़रूरी है। एलपीयू और चित्तकारा यूनिवर्सिटी की घटनाओं का ज़िक्र करते हुए बलतेज पन्नू ने कहा, जब हालात बिगड़े और हाईवे ब्लॉक हो गया, तब भी पंजाब पुलिस ने स्टूडेंट्स पर कोई अतिरिक्त बल इस्तेमाल नहीं किया। उनके खिलाफ लाठीचार्ज या पेलेट गन जैसी कोई फोर्स इस्तेमाल नहीं की गई। इसके बजाय, उनके साथ हमारे अपने बेटे-बेटियों जैसा बर्ताव किया गया। हालाँकि इसमें थोड़ा समय लगा, लेकिन हालात को पेशेवर तरीके से गया। आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज ने कहा, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने डीजीपी गौरव यादव को खुद एलपीयू जाकर हालात का जायज़ा लेने को कहा। डीजीपी ने यूनिवर्सिटी जाकर हालात का रिव्यू किया। सीनियर पुलिस ऑफिसर भी लगातार स्टूडेंट्स और स्टूडेंट लीडर्स से बातचीत कर रहे थे ताकि वे समझ सकें कि क्या हुआ है और हालात को कंट्रोल में कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार ने इन घटनाओं की जांच करने और यह पता लगाने के लिए एक एसआईटी बनाई है कि असल में क्या हुआ था। उन्होंने आगे कहा, हमें एसआईटी को अपनी जांच पूरी करने देनी चाहिए। जो भी जानकारी सामने आएगी, उसे पंजाब पुलिस के सीनियर ऑफिसर्स और सरकार के ज़रिए लोगों के साथ शेयर किया जाएगा। एसआईटी आरोपों के साथ-साथ अशांति के हालात की भी जांच कर रही है। यह ज़रूरी है कि जांच को अपना प्रोसेस पूरा करने दिया जाए ताकि लोगों के सामने पूरी सच्चाई सामने आ सके। बलतेज पन्नू ने स्टूडेंट्स से जुड़े इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करने के लिए विपक्षी नेताओं की भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब हालात स्टूडेंट्स से जुड़े थे और संवेदनशीलता की ज़रूरत थी, कुछ विपक्ष के नेताओं में हालात को शांत करने में मदद करने के बजाय विवाद पैदा करने में ज़्यादा रुचि थी। वे हालात को शांत रखने में मदद करने के बजाय गिद्धों की तरह लाशों का इंतज़ार कर रहे हैं।

इमटैक में 85वाँ सीएसआईआर स्थापना दिवस मनाया गया

डेली आवाज भारती







चंडीगढ़। सीएसआईआर-सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान (इमटैक), चंडीगढ़ में आज वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का 85वाँ स्थापना दिवस अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया, जो वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार एवं राष्ट्र-निर्माण में आठ दशकों से अधिक की उत्कृष्टता का स्मरणोत्सव था। नीति आयोग के सदस्य एवं सीएसआईआर-इमटैक के पूर्व छात्र प्रो. गोबर्धन दास ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई, जबकि सीएसआईआर-एनआईआईएसटी के पूर्व निदेशक एवं इनकोर रेनोविस लेबोरेटरीज़ के अध्यक्ष प्रो. जावेद इकबाल विशिष्ट अतिथि रहे। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में एलिक्स ग्लोबल के मार्गदर्शक (मेंटर) एवं सीएसआईआर-इमटैक की अनुसंधान परिषद के सदस्य डॉ. श्रीनिवास लंका तथा इंटरनेशनल फूड रिस्क एनालिसिस कंसोर्टियम (आई.एफ.ओ.आर.ए.सी.) के सीईओ एवं संस्थापक डॉ. मोएज़ सना भी इस अवसर पर उपस्थित थे। प्रो. गोबर्धन दास ने ÷भारतीय सभ्यता की यात्रा÷ विषय पर स्थापना दिवस व्याख्यान दिया तथा वर्ष 2047 तक भारत के एक अग्रणी वैश्विक शक्ति के रूप में उभरने के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए युवा शोधकर्ताओं को राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. दास ने सीएसआईआर-इमटैक को 'वैश्विक प्रतिभा केंद्र' बताया, जो ऐसे शोधकर्ताओं को पोषित करता है-जो वैश्विक स्तर पर विज्ञान एवं समाज के लिए योगदान देने में सक्षम हैं। उन्होंने युवा अध्येताओं को स्पष्ट दृष्टि के साथ आगे बढ़ने, अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखने तथा दृढ़ संकल्प के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भारत के बढ़ते आर्थिक कद तथा एक वैश्विक औषधि एवं टीका विनिर्माण केंद्र के रूप में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला और इसकी क्षमताओं के उदाहरण के रूप में कोविड-19 के दौरान टीका उत्पादन एवं अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति का उल्लेख किया। अपनी उत्कृष्ट एवं प्रेरक प्रस्तुति से इस व्याख्यान ने सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा संपूर्ण श्रोतागण आरंभ से अंत तक इसमें तल्लीन रहे। प्रो. जावेद इकबाल ने फ्यूरान मैक्रोसाइकिल्स, स्टेम कोशिका से न्यूरॉन रूपांतरण तथा ट्रांसक्रिप्टोमिक सत्यापन विषय पर तकनीकी स्थापना दिवस व्याख्यान दिया। उनके व्याख्यान में एक सरल, जीन-मुक्त रासायनिक पद्धति प्रदर्शित की गई, जिसके द्वारा विशेष रूप से अभिकल्पित वलयाकार अणुओं का उपयोग करके स्टेम कोशिकाओं को क्रियाशील मस्तिष्क कोशिकाओं में परिवर्तित किया जा सकता है। आनुवंशिक अनुक्रमण द्वारा सत्यापित यह अभूतपूर्व उपलब्धि पार्किंसंस एवं अल्ज़ाइमर जैसे जटिल मस्तिष्क विकारों के अध्ययन एवं उपचार की नई संभावनाओं के द्वार खोलती है।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर ÷सुविधा÷ वेब पोर्टल का शुभारंभ किया गया, जो सभी सेवा-संबंधी अनुरोधों के लिए सीएसआईआर-इमटैक का स्वदेशी, आंतरिक डिजिटल जॉब-कार्ड मंच है। गणमान्य अतिथियों द्वारा सीएसआईआर-इमटैक प्रयोगशाला सुरक्षा नियमावली का विमोचन भी किया गया। इस नियमावली का उद्देश्य सीएसआईआर-इमटैक में सुरक्षा एवं आपातकालीन प्रक्रियाओं के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करना एवं उसका प्रसार करना तथा चोट, व्यावसायिक रोग, पर्यावरण में हानिकारक पदार्थों के उत्सर्जन, उपकरणों की क्षति एवं कार्य-संचालन में व्यवधान को रोकना है। समारोह के अंतर्गत सीएसआईआर-इमटैक ने अपने सेवानिवृत्त कार्मिकों तथा 25 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। संस्थान ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न शैक्षणिक, निबंध, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सीएसआईआर-इमटैक के कर्मचारियों के बच्चों के प्रयासों को भी सम्मानित किया। स्थापना दिवस के अवसर पर संस्थान के पूर्व छात्र भी समारोह में सम्मिलित हुए, साथ ही आम जनता एवं विद्यार्थियों के लिए 'ओपन डे' (मुक्त दिवस) का आयोजन किया गया, ताकि वे संस्थान की सुविधाओं एवं अवसंरचना की झलक पा सकें तथा सीएसआईआर-इमटैक की वैज्ञानिक क्षमता का प्रदर्शन किया जा सके। विभिन्न राज्यों के 750 से अधिक स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं के साथ संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ, जिससे नवोदित विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिला। सीएसआईआर-इमटैक की निदेशक डॉ. अलका राव ने सीएसआईआर स्थापना दिवस पर अतिथियों एवं संकाय सदस्यों का स्वागत करते हुए श्रोताओं को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विज़न के प्रति सीएसआईआर के योगदान एवं प्रतिबद्धताओं से अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, ÷एक ईमानदार एवं सक्षम वैज्ञानिक भागीदार की तलाश कर रहे प्रत्येक शोधकर्ता, विद्यार्थी, उद्योग भागीदार और नियामक के लिए हमारे द्वार खुले हैं।

CMYK